उज्जैन
गुरुवार
15
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-342
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ड्राइवर की नौकरी, 30 करोड़ का मालिक बना पुलिसकर्मी

7 भारत ने टी-20 में 2000 छक्के पूरे किए, होप ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा



मिस्टर फैसू की शादी पर राखी सावंत का मजेदार तंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैसल शेख उर्फ मिस्टर फैसू की शादी की खबर इन दिनों चर्चा में है। मदीना में निकाह के बाद फैसू को सोशल मीडिया पर लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इसी बीच राखी सावंत ने उनकी शादी पर ऐसा मजाकिया रिएक्शन दिया है, जिसकी चर्चा अब इंटरनेट पर हो रही है। पैपराजी से बातचीत के दौरान राखी ने जन्नत जुबैर का जिक्र करते हुए कुछ ऐसा कहा कि उनका वीडियो सुर्खियों में आ गया। मिस्टर फैसू की शादी की खबर जब राखी सावंत तक पहुंची, तो वह हैरान रह गईं। उन्होंने पहले पूछा कि क्या फैसू की शादी हो गई है। इसके बाद बातचीत में जन्नत जुबैर का नाम सामने आया, जिसे लेकर राखी ने अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया दी। राखी ने कहा, चलो जन्नत तो जन्नत में जाएगी। इसके बाद उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि जन्नत को दूसरा फैसू मिल जाएगा।

देश

- **जबलपुर** कलेक्ट्रेट मैरिज ऑफिस में हिंदू युवती-ईसाई युवक की शादी पर भड़के हिंदूवादी नेता, पुलिस की संदिग्ध भूमिका पर सनसनीखेज हंगामा
- **पटना** हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी : महिला पर लेटना और मुंह दबाना रेप का प्रयास नहीं, ये लज्जा भंग
- **लखनऊ** में 50 हजार से ज्यादा घरों में पानी भराः राजस्थान के 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी
- **यूपी पुलिस** सिपाही भर्ती का फाइनल रिजल्ट जारी, 32,679 पदों पर चयन, कटऑफ भी घोषित; 4 महीने पहले हुई थी परीक्षा
- **सरकार** का दावा-8 साल में एनटीए का पेपर लीक नहीं, परीक्षा में धांधली जरूर हुई; समिति ने कहा- 474 केस कोर्ट में हैं

विदेश

- **चुनाव** से पहले ईरान पर हमला नहीं करना चाहते नेतन्याहू, बोले- तेहरान ने हमला किया तब भी विरोधी मुझे जिम्मेदार ठहराएंगे, 27 अक्टूबर को वोटिंग
- **अमेरिका** के हिंदू मंदिर पर हमला करना चाहता था युवक, भारतीय मूल के लोगों से नफरत करता था
- **जर्मनी** के बोखुम में आग से 3 भारतीयों की मौत, हत्या के शक में 41 साल का रोमानियाई गिरफ्तार
- **इजरायल** का फ्लाई दुबई की घटना के बाद बड़ा एक्शन, पाक सहित 31 मुस्लिम देशों के क्रू मेंबर्स पर रोकखेज हंगामा

व्यापार

- **देश** का सबसे बड़ा आईपीओ 21-23 अक्टूबर तक खुलेगा, जीयो 27 करोड़ शेयर से 30 हजार करोड़ जुटाएगी
- **काउंटर** से रेल रिजर्वेशन लेने पर भी बीमा मिलेगा, अभी तक ऑनलाइन टिकटों पर मिलता था

कार्टून..



इंटरनेट-मेट्रो बंद करने के मामले में

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई, सीजेपी प्रोटेस्ट में 7 हजार लोग कस्टडी में लिए गए थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र ने 10 अक्टूबर को दिल्ली में इंटरनेट बंद करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। गृह सचिव गोविंद मोहन ने कोर्ट को दिए हलफनामे में कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाह रोकने के लिए यह कदम उठाना पड़ा।

मेट्रो सेवा के मुद्दे पर डीएमआरसी ने कहा कि मेट्रो को पूरी तरह बंद नहीं किया गया था। सिर्फ 45 स्टेशनों पर ही आवाजाही रोकी गई थी। दरअसल, 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी ने विरोध प्रदर्शन बुलाया था। पुलिस की अनुमति न होने के कारण दिल्ली में कड़ी बैरिकेडिंग की गई थी, मेट्रो स्टेशन बंद किए गए थे, इंटरनेट सेवाएं रोकी गई थीं और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अक्टूबर को इन पाबंदियों पर नाराजगी जताते हुए सरकार और प्रशासन से जवाब तलब किया था। अदालत इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर अब सुनवाई कर रही है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार ने कहा कि रोक और प्रदर्शनकारियों की हिरासत कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी थी। उन्होंने सीजेपी पर हिंसा, संपत्ति नुकसान और लोगों को घायल करने का आरोप लगाया। हलफनामे में दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के 20 जुलाई के नीट-यूजी पेपर लीक विरोधी मार्च को भी अवैध और गैरकानूनी बताया गया है। पुलिस ने कहा कि उस मार्च में शामिल लोग गैरकानूनी जमावड़े का हिस्सा थे।

झोटा हत्याकांड पर उबालः पूरा पंजाब बंद

नहीं चलेंगी स्कूल बसें, पिता बोले-न्याय के लिए सभी लोग साथ दें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मानसा

पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की मंगलवार को दिनदहाड़े हत्या हुई थी। झोटा ने आरोपी को एक बुजुर्ग व्यक्ति को कथित तौर पर नशीली दवाएं बेचते हुए पकड़ा था। यह घटना झोटा के लाइव फेसबुक सेशन के दौरान कैमरे में कैद हो गई थी। इस हत्याकांड के विरोध में आज पंजाब बंद है।

अकाली दल वारिस पंजाब दे की अपील-शांति बनाएं रखें- अकाली दल वारिस पंजाब दे की ओर से लोगों और समर्थकों से शांतिपूर्ण तरीके से पंजाब बंद को सफल बनाने की अपील की गई है। जारी संदेश के अनुसार, बंद का समय सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान यातायात ठप रखने और बाजार बंद रखने का आह्वान किया गया है।

जारी दिशा-निर्देशों में समर्थकों से कहा गया है कि वे किसी भी राहगीर या दुकानदार के साथ बहस न करें और न ही किसी पर दबाव बनाकर दुकान बंद करवाएं। लोगों से हाथ जोड़कर विनम्रता के साथ सहयोग की अपील करने को कहा गया है। इसके अलावा किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी या शरारत से दूर रहने और प्रदर्शन के दौरान शांति बनाए रखने की हिदायत दी गई है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि धरने में शामिल होने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति या संगठन को नहीं रोका जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान सतनाम-वाहेगुरु का जाप करने और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने की अपील की गई है। अपील में दवाइयों की दुकानों, अस्पतालों और डेयरियों को खुला रखने की बात कही गई है। दूध विक्रेताओं को भी नहीं रोकने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, किसी भी राजनीतिक पार्टी या संस्था के पोस्टर और फ्लेक्स न फाड़ने की अपील की गई है। अकाली दल वारिस पंजाब दे ने समर्थकों से बंद को शांतिपूर्ण बनाए रखने और आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया है। संघर्ष कमेटी के नेता एडवोकेट गुरलाभ सिंह महल ने कहा कि डीजीपी की बर्खास्तगी तक धरना जारी रहेगा। कमेटी ने 15 अक्टूबर को सुबह से शाम तक पंजाब बंद रखने का एलान किया है।

बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण पर जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी

78,700 सागौन के पौधे काटने का दावा

भूमिहीन होने का दावा करने वाले परिवारों के मूल गांवों में पक्के मकान होने की बात रिपोर्ट में आई सामने, शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद मुख्यमंत्री ने दिए थे जांच के आदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/सीहोर

बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने को लेकर उठे विवाद के बीच जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल को भेजी गई रिपोर्ट में वन भूमि पर कब्जे, सागौन के पौधों को काटने और प्रभावित परिवारों के मूल निवास से जुड़े तथ्यों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे जिलों से आए लोगों ने वन विकास निगम के पौधारोपण क्षेत्र में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू कर दी थी।

मामले ने उस समय राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय सिंह प्रभावित परिवारों के धरने में शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को फोन पर मामले की जानकारी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए। मंगलवार को तीसरे दिन भी वन विकास निगम के डिपो के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

31.48 हेक्टेयर वन भूमि से कब्जा हटाने का दावा

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, भैरूंदा तहसील के लाड़कुई परिक्षेत्र की कोसमी बीट स्थित रिजर्व फॉरेस्ट के कंपार्टमेंट क्रमांक 426 में वन विकास निगम की 31.48 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2020 में सामान्य वनमंडल से 186.960 हेक्टेयर वन भूमि वन विकास निगम के सीहोर परियोजना मंडल को हस्तांतरित की गई थी। इसके बाद निगम ने वर्ष 2021 में लगभग 135 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 37 हजार 500 सागौन के पौधे लगाए थे। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनमें से 78 हजार 700 पौधे काटकर 31.48 हेक्टेयर क्षेत्र पर कब्जा किया गया। गूगल अर्थ की टाइमलाइन तस्वीरों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 तक संबंधित कंपार्टमेंट खाली था।



वर्ष 2022 में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू करने का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में सुनील, पिता शैतान, सहित अन्य 11 लोगों ने पौधारोपण को नुकसान पहुंचाकर अस्थायी झोपड़ियां बना लीं और खेती के लिए वन भूमि पर कब्जा कर लिया। हालांकि, इस मामले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नौ झोपड़ियां हटाए जाने का उल्लेख किया गया है। कार्रवाई के दौरान एक अवैध कुएं को मिट्टी और मुरम से भरने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराए जाने का उल्लेख भी किया गया है।

मूल गांवों में पक्के मकान होने की बात

कलेक्टर की रिपोर्ट में कहा गया है कि 11 अक्टूबर को कार्रवाई के दौरान हटाए गए नौ कब्जाधारियों के सिंहपुर और हबीबनगर स्थित मूल निवास स्थानों पर पहले से पक्के मकान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां मकान नंबर और मतदाता पहचान पत्र से संबंधित रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। भैरूंदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि भूमिहीन होने का दावा करने वाले इन लोगों के मूल गांवों में पक्के मकान मौजूद हैं। प्रशासन ने इन तथ्यों को वन भूमि पर कब्जे से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण बताया है।

वन भूमि की सुरक्षा और प्रभावित परिवारों के सवाल

इस पूरे मामले में एक ओर प्रशासन की जांच रिपोर्ट में वन भूमि पर अतिक्रमण और सागौन के पौधों को नुकसान पहुंचाने के आरोप सामने आए हैं, वहीं दूसरी ओर मकान तोड़े जाने के कारण प्रभावित परिवारों का विरोध जारी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के धरने में शामिल होने के बाद मामला राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा में आया।
अब इस प्रकरण में जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर शासन की आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी। साथ ही, प्रभावित परिवारों की पात्रता, उनके दावों और कार्रवाई की प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की स्थिति स्पष्ट होना भी जरूरी है, ताकि वन भूमि की सुरक्षा के साथ प्रभावित लोगों से संबंधित तथ्यों का भी निष्पक्ष परीक्षण हो सके।

मुस्कान-साहिल को सजा-ए-मौत लिख जज ने पेन फेंका

लिखा- फांसी पर तब तक लटकाओ, जब तक मौत न हो, महाभारत का श्लोक पढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेरठ

मेरठ जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा ने बुधवार शाम 4.22 बजे यह फैसला सुनाया। फैसला सुनते ही कोर्ट रूम में कुर्सी पर बैठी सौरभ की मां और भाई रोने लगे। सौरभ की मां ने हाथ जोड़ते हुए कोर्ट को शुक्रिया किया। वो साड़ी के पल्लू से अपने आंसू पोंछने लगीं।

जिला जज ने महाभारत के श्लोक के हिंदी कथन को कोट करते हुए कहा- अधर्म करने वाले को सजा देना भी धर्म है। प्रजा जब सोती है, तो अदालत सजा देती है। जज ने जिस पेन से मुस्कान-साहिल के लिए मृत्युदंड लिखा, उस पेन को तुरंत डस्टबिन में फेंक दिया।

सजा से 20 मिनट पहले मुस्कान गोद में बच्ची को लेकर कोर्ट रूम से जुड़ी- शाम 4 बजेह्न मेरठ जिला जज का कोर्ट रूम ऐतिहासिक नीले ड्रम हत्याकांड के फैसले को सुनने के लिए खचाखच भरा था। सौरभ की मां रेनू देवी, बड़ा भाई राहुल उर्फ बबलू भी कुर्सी पर बैठे थे। साथ ही तमाम सीनियर-जूनियर वकील भी बैठे थे।

जज को देखते ही मुस्कान जोर-जोर से रोने लगी

जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा आकर कुर्सी पर बैठे। उन्होंने मुस्कान-साहिल को कंप्यूटर स्क्रीन पर देखा। जज को देखते ही मुस्कान जोर-जोर से रोने लगी। उसके रोने की आवाज पूरे कोर्ट रूम में सुनाई देने लगी। मुस्कान को देखकर नजरें नीचे किए साहिल भी सिसकने लगा।

शाम 4 बजे के बाद मुस्कान-साहिल को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जेल से कोर्ट रूम में जोड़ा गया। मुस्कान नीली कुर्ती, काला दुपट्टा पहने थी। उसकी गोद में 10 महीने की बच्ची भी थी। साहिल सफेद टी-शर्ट में था।

मुस्कान ने साहिल की तरफ देखा। उसकी आंखों में आंसू थे। साहिल ने भी आखिरी बार मुस्कान को देखा। एक-दूसरे को देखने के बाद दोनों ने नजरें नीचे कर लीं। मुस्कान बार-बार दुपट्टे से अपने आंसू पोंछ रही थी।

छूटी हुई लाड़ली बहनों के जुड़ने वाले हैं नाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

लाड़ली बहना योजना के हितग्राही के तौर पर यदि नाम छूट गया है या फिर अब तक नहीं जुड़ा है, तो उनके लिए बड़ी खबर है। प्रदेश सरकार ऐसी छूटी हुई लाड़ली बहनों की संख्या जुटाने के साथ उनकी पंजीयन प्रक्रिया जल्द शुरू कर सकती है। मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बताया कि सीएम ने ये निर्देश दिए हैं कि इन छूटी हुई महिलाओं को भी योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जल्द योजना का पोर्टल खोले जाने की तैयारी है। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना में जो महिलाएं अपना नाम नहीं जुड़वा पाई हैं। ये राहत की खबर उन्हीं के लिए है। इस योजना से वंचित रहीं इन महिलाओं को मौका देने प्रदेश सरकार जल्द पोर्टल दोबारा खोलने जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने इस बात की जानकारी दी है।

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने रावण को राम कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, आजादपुर में रामलीला में बुधवार शाम उन्होंने कहा- हर एक राम को मारना होगा।

आप नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उनके भाषण के वीडियो का एक हिस्सा शेयर किया है। उट रेखा कहती हैं- जब तक हर एक राम मारा न जाए, समाज साफ-सुथरा न हो जाए। आप ने कहा- आज हर सनातनी और राम भक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शर्मिंदा है। यह बेशर्मी की हद है और भाजपा की राम-विरोधी मानसिकता को दिखाता है। कांग्रेस नेता प्रियंका कक्कड़ ने सीएम रेखा गुप्ता और पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- रेखा गुप्ता राम को मार रही हैं, मोदी जी ने पहले ही रामराज्य को मार दिया है। पूरे विवाद पर भाजपा की ओर से खबर लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

पिता ने 2 साल के बेटे को पेट्रोल डालकर जलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाव थराद

गुजरात के वाव-थराद जिले में एक व्यक्ति ने अपने 2 साल के बेटे पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जला दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बच्चे को बोझ मानता था। घटना मंगलवार को जिले के सुईगाम तालुका में हुई। आरोपी अशोक रावल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रावल ने बच्चे को आग लगाने के बाद अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुइगाम के रावलवास में रहने वाले बाबूभाई लखमनभाई रावल ने अपने भतीजे और हत्यारे अशोक जीताभाई रावल के खिलाफ सुइगाम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी अशोक रावल की पत्नी झगड़े के बाद पिछले 3 महीने से मायके में थी। अशोक बेटे के साथ अकेला रह रहा था। पत्नी के न होने से अशोक को बच्चे की देखभाल करना मुश्किल लगने लगा था।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद ड्रोन वॉर की तैयारी तेज

सेना 9 एंटी-ड्रोन सिस्टम और 10 लंबी दूरी के निगरानी ड्रोन खरीद रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना ड्रोन से निगरानी के साथ हमला करने और दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने की क्षमता भी बढ़ा रही है। जुलाई से सितंबर के बीच जारी खरीद प्रस्तावों से पता चलता है कि सेना ड्रोन युद्ध से जुड़ी पूरी व्यवस्था मजबूत कर रही है।

इनमें दूर तक निगरानी, लक्ष्य पहचानने, एफपीवी ड्रोन से हमला या पेलोड गिराने, सैनिकों को ड्रोन की ट्रेनिंग और दुश्मन ड्रोन को खोजकर नष्ट करने वाला स्किल शामिल है।

इसमें लंबी दूरी तक निगरानी, लक्ष्य पहचानने, एफपीवी ड्रोन से हमला करने या पेलोड गिराने, सैनिकों को ट्रेनिंग देने और दुश्मन के ड्रोन को नाकाम करने वाले उपकरण शामिल हैं। जुलाई से सितंबर के बीच सामने आए सेना के ड्रोन और काउंटर-ड्रोन संबंधी खरीद प्रस्तावों की पड़ताल की। सेना ने हाल ही में 9 लो एल्टीट्यूड एरियल थ्रेट रिस्पॉन्स एंड मिटिगेशन सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे पहले 10 इंटीग्रेटेड लॉन्ग रेंज सर्विलांस ड्रोन के लिए टेंडर जारी किया गया था। सूत्रों के अनुसार एक तरफ सेना लंबी दूरी तक निगरानी वाले ड्रोन चाहती है। वहीं, कम ऊंचाई पर आने वाले हवाई खतरों से निपटने के सिस्टम भी ले रही है।

अंकिता मर्डर केस : न्याय की मांग को लेकर माता-पिता का दिल्ली में धरना

तड़के 4 बजे हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा, दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाने का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे उनके माता-पिता को पुलिस ने गुरुवार सुबह इंडिया गेट से करीब 3:45 बजे हिरासत में ले लिया। करीब दो घंटे बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और अन्य कार्यकर्ताओं को भी यहीं से हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। सभी प्रदर्शनकारियों को तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में रखा गया है।

अंकिता उत्तराखंड के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट थी। साल 2022 में एक वीआईपी को विशेष सेवाएं देने से इनकार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। संबंधित वीआईपी की पहचान सार्वजनिक नहीं है।

अंकिता का परिवार इस मामले में लगातार दुष्यंत कुमार गौतम की भूमिका पर सवाल उठाता रहा है। दुष्यंत गौतम को हाल ही में सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। अंकिता का परिवार इसी के विरोध में इंडिया गेट पर धरने पर बैठा है। बुधवार को राहुल गांधी और प्रियंका भी अंकिता के परिवार के समर्थन में धरने पर पहुंचे थे।



पिता बोले- दुष्यंत की नियुक्ति रद्द नहीं हुई तो फिर धरना देंगे

- दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर अंकिता भंडारी के पिता ने कहा, अगर मेरी बेटी को इंसाफ नहीं मिला, तो पूरे देश में प्रदर्शन होंगे। हमारी सबसे पहली मांग है कि दुष्यंत गौतम की नियुक्ति रद्द की जाए। और अगर नियुक्ति रद्द नहीं की गई, तो हमें एक बार फिर पूरे देश में सड़कों पर उतरना होगा, और मेरी बेटी को इंसाफ मिलना ही चाहिए।
- वहीं, हिरासत में लिए जाने के बाद अंकिता की मां ने कहा- जब तक दुष्यंत गौतम नियुक्ति रद्द नहीं होती है तब तक हम ऐसे ही बैठे रहेंगे। अगर हमें यहां बैठने नहीं देंगे तो हम अपने घर में भूख हड़ताल करेंगे।
- अंकिता की हत्या 18 सितंबर 2022 को हुई थी और उसका शव 24 सितंबर, 2022 को चिल्ला नहर से बरामद किया गया था। रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ़्तार किया गया। हत्या, सबूत मिटाने और अन्य आरोपों के लिए कोटद्वार में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज रीना नेगी ने 30 मई 2025 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई।

एक दिन पहले राहुल-प्रियंका गांधी भी पहुंचे थे

राहुल गांधी 14 अक्टूबर शाम को इंडिया गेट पर धरने पर बैठे अंकिता भंडारी के माता-पिता से मिले। प्रियंका भी उनके साथ रहीं। दोनों करीब एक घंटा वहां रुके। इस दौरान राहुल गांधी ने अंकिता के पिता के कंधे पर हाथ रखा और बातचीत की। प्रियंका ने अंकिता की मां को पहले गले लगाया, फिर पानी पिलाया।

महाकाल श्रृंगार



जटाधारी महाकाल का राजा स्वरूप श्रृंगारः फल-मिष्ठान का भोग लगाया

अपनेतक

रावण दहन पर शास्त्रार्थ या परंपराओं पर सवाल?

चार समितियों को नोटिस, सात दिन में शास्त्रीय प्रमाण मांगे; आस्था, परंपरा और धार्मिक व्याख्या के बीच उलझा उज्जैन

उज्जैन में रावण दहन को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि धर्म और परंपराओं से जुड़े निर्णयों का आधार क्या होना चाहिए? चार समितियों को नोटिस जारी कर सात दिन में शास्त्रीय प्रमाण मांगे जाने की बात सामने आई है। सवाल केवल रावण दहन करने या नहीं करने का नहीं, बल्कि उस धार्मिक परंपरा की व्याख्या का भी है, जिसे समाज वर्षों से निभाता आ रहा है।

उज्जैन की पहचान महाकाल की नगरी के रूप में है। यहां धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जनजीवन, संस्कृति और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे शहर में किसी धार्मिक आयोजन को लेकर विवाद होना स्वाभाविक रूप से व्यापक चर्चा का विषय बनता है। लेकिन चर्चा और विवाद के बीच यह समझना जरूरी है कि धार्मिक मान्यताओं की व्याख्या किसी एक पक्ष के दावे से तय नहीं हो सकती।

रावण दहन को सामान्यतः बुराई पर अच्छाई की विजय और अहंकार के अंत के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। रामलीला और दशहरे की परंपरा में इसका विशेष महत्व है। दूसरी ओर, रावण के विद्वान, शिवभक्त और कुछ समुदायों में पूजनीय होने से जुड़ी मान्यताएं भी मौजूद हैं। इन अलग-अलग दृष्टिकोणों के कारण किसी आयोजन पर आपत्ति या समर्थन सामने आ सकता है।

ऐसे में चार समितियों से सात दिन में शास्त्रीय प्रमाण मांगने का निर्णय कई सवाल पैदा करता है। प्रमाण मांगना गलत नहीं, लेकिन प्रमाण की कसौटी क्या होगी? क्या किसी परंपरा की प्रामाणिकता केवल ग्रंथों के उल्लेख से तय होगी, या सदियों से चली आ रही लोकपरंपराओं, क्षेत्रीय मान्यताओं और सामाजिक स्वीकृति को भी महत्व दिया जाएगा? यदि शास्त्रों की व्याख्या अलग-अलग है, तो अंतिम निर्णय कौन करेगा और किस आधार पर?

धर्म के मामलों में संवाद का रास्ता टकराव से बेहतर होता है। संबंधित समितियों को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए और यदि कोई आपत्ति है तो उसे भी तर्क तथा प्रमाण के साथ सामने आना चाहिए। प्रशासन या संबंधित संस्था को यह स्पष्ट करना चाहिए कि नोटिस किस नियम, अधिकार और आधार पर जारी किए गए हैं तथा इस प्रक्रिया का उद्देश्य क्या है।

उज्जैन की धार्मिक प्रतिष्ठा इसी में है कि यहां परंपराओं का सम्मान हो, मतभेदों को सुनने की उदारता हो और किसी भी पक्ष के साथ मनमानी न हो। शास्त्रार्थ भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है, लेकिन शास्त्रार्थ का उद्देश्य ज्ञान और सत्य की खोज होता है, किसी की आस्था को अनावश्यक रूप से कटघरे में खड़ा करना नहीं। सवाल यह नहीं कि कौन-सा पक्ष अपनी बात ऊंची आवाज में रखता है, सवाल यह है कि धार्मिक परंपराओं पर निर्णय पारदर्शी प्रक्रिया, प्रमाण और संवाद के आधार पर होगा या विवाद के दबाव में। महाकाल की नगरी में धर्म के नाम पर मतभेद बढ़ने के बजाय ऐसा रास्ता निकलना चाहिए, जिसमें आस्था का सम्मान भी हो और तर्क के लिए स्थान भी बना रहे।

भैरवगढ़ तीर्थधाम में आज मनेगा माणिभद्र यक्षराज का 541वां प्राकट्य दिवस

उज्जैन। भैरवगढ़ स्थित श्री केसरियानाथ-माणिभद्र यक्षराज तीर्थधाम में आज श्री माणिभद्र यक्षराज का 541वां प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 51 कुंडीय विशाल हवन, भव्य महापूजन, स्नात्र पूजा, नवकारसी और स्वामीवात्सल्य सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न होंगे। श्री आदेश्वर-चन्दाप्रभु चारथूई ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि सुबह 7:30 बजे श्री माणिभद्र स्नात्र मंडल द्वारा भव्य स्नात्र पूजा होगी।

हम ड्यूटी पर हैं, ट्रेनिंग का हिस्सा है मोबाइल चलाना!

चौराहों पर यातायात सुधारने तैनात ट्रेनी जवान, जिम्मेदारी छोड़ मोबाइल में मशगूल; जाम से जूझता शहर







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस कप्तान ने पीटीएस के प्रशिक्षु युवक-युवतियों को मैदान में उतारा है। उम्मीद थी कि इनकी तैनाती से यातायात व्यवस्था में कसावट आएगी, जाम से राहत मिलेगी और वाहन चालकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा सकेगा। लेकिन जमीनी तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जिन चौराहों पर ट्रैफिक संभालने के लिए इनकी तैनाती की गई है, वहीं ये अपनी ड्यूटी से ज्यादा मोबाइल चलाने और आराम फरमाने में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

महाकाल लोक जैसे अत्यधिक व्यस्त क्षेत्र में महिला प्रशिक्षु पुलिसकर्मी कुर्सी पर बैठकर मोबाइल में इस कदर मशगूल दिखाई देती हैं कि आसपास यातायात की स्थिति कैसी है, इससे उन्हें कोई विशेष सरोकार नजर नहीं आता। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की आवाजाही से भरे इस क्षेत्र में यातायात नियंत्रण के लिए सतर्कता और सक्रियता की जरूरत है, लेकिन मौके पर दिखाई देने वाली लापरवाही व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

आगर रोड स्थित गाड़ी अड्डा चौराहे पर भी कमोबेश यही स्थिति दिखाई देती है। समीप स्थित भैरव मंदिर के चबूतरे पर जवान आराम से बैठकर एंड्रॉयड फोन चलाते नजर आते हैं। दूसरी ओर, सड़क पर यातायात का दबाव बढ़े, वाहन फंसें या जाम की स्थिति बने, तो उसे नियंत्रित करने के लिए उनकी सक्रियता कितनी दिखाई देती है, यह सवाल बना हुआ है। टावर चौक और तीन बत्ती चौराहे पर भी ऐसी ही स्थिति सामने आने की बात कही जा रही है। शहर के ये महत्वपूर्ण यातायात पाइंट हैं, जहां थोड़ी-सी लापरवाही भी वाहनों की लंबी कतार और अव्यवस्था का कारण बन सकती है। ऐसे स्थानों पर तैनात जवानों से अपेक्षा रहती है कि वे लगातार यातायात पर नजर रखें, जरूरत पड़ने पर वाहनों को दिशा दें और जाम की स्थिति बनने से पहले उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। लेकिन यदि ड्यूटी के दौरान ध्यान सड़क के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर लगा रहे, तो यातायात सुधारने की मंशा कैसे पूरी होगी?

प्रशिक्षण के नाम पर तैनाती फिर जवाबदेही किसकी?

प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को मैदान में उतारने का उद्देश्य केवल उनकी उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में काम करने, अनुशासन सीखने और जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी और मार्गदर्शन सबसे अधिक जरूरी होता है। यदि प्रशिक्षु निर्धारित पाइंट पर सक्रिय रहने के बजाय आराम करते या मोबाइल चलाते दिखाई दें, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत कार्यशैली का मामला नहीं रह जाता, बल्कि प्रशिक्षण की निगरानी और ड्यूटी व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है।

गौर करने वाली बात यह है कि इन युवक-युवतियों का प्रशिक्षण अभी पूरा भी नहीं हुआ है। ऐसे में ड्यूटी के दौरान अनुशासन और कर्तव्य के प्रति गंभीरता विकसित करना जरूरी है। आज यदि यातायात के बीच जिम्मेदारी निभाने के बजाय मोबाइल को प्राथमिकता दी जा रही है, तो संबंधित अधिकारियों को यह देखना होगा कि प्रशिक्षुओं को ड्यूटी की वास्तविक जिम्मेदारियों से कितना परिचित कराया जा रहा है।

जाम से परेशान जनता जवाबदेही तय करेगा विभाग?

उज्जैन धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। महाकाल लोक सहित प्रमुख मार्गों और चौराहों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना केवल विभागीय औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी है।

यदि यातायात सुधारने के उद्देश्य से की गई तैनाती का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहा है, तो पुलिस विभाग को मौके पर निगरानी बढ़ाने, ड्यूटी की नियमित जांच करने और लापरवाही मिलने पर उचित कार्रवाई करने की जरूरत है। आखिरकार, चौराहों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी तभी सार्थक है, जब उसका लाभ जनता को मिले।

सवाल सीधा है—जब शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात संभालने के लिए जवान तैनात हैं, तो फिर जाम और अव्यवस्था से जनता को राहत क्यों नहीं मिल रही? क्या ड्यूटी के दौरान मोबाइल चलाना भी प्रशिक्षण का हिस्सा है, या फिर जिम्मेदारी निभाने का पाठ पढ़ाने के लिए विभाग को अब अलग से कवायद करनी पड़ेगी?

नन्हीं बच्चियों में देवत्व उतार लाई जिजीविषा

नवरात्र में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की 500 छात्राओं का किया पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवी की आराधना के महापर्व नवरात्र में उज्जैन की संस्था जिजीविषा ने एक ऐसा मंगल आयोजन किया, जिसमें मानो नन्ही बच्चियों में देवत्व उतर आया। संस्था अध्यक्ष समाजसेवी डॉक्टर सतिंदर कौर सलूजा ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की 500 से अधिक बालिकाओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। सभी बेटियों के सिर पर चुनरी ओढ़ाकर पावों में पायल पहनाई गई।

संस्था जिजीविषा की सचिव ममता सांगते ने बताया कि समाजसेवी व प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सलूजा प्रतिवर्ष नवरात्र में कन्याओं का पूजन करती हैं। उनका उद्देश्य होता है कि बेटियों में धर्म व संस्कार के साथ-साथ देश व समाज के प्रति सद्भावना जागे। इसी उद्देश्य से बुधवार को नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर 500 बच्चियों को मंगल तिलक लगाकर पूजन किया गया। पूजन के पश्चात सिर पर चुनरी और पांव में पायल पहना कर बेटियों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम में संस्था जिजीविषा की उपाध्यक्ष श्रीमती सासा जैन, कोषाध्यक्ष



अनवर जहां एलची, लोगसभा मीडिया हाउस के एडिटर व एमडी ईश्वर शर्मा, वरिष्ठ नवीन कन्या छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती पूर्णिमा चौहान, जनजातीय कार्य विभाग के प्राचार्य डॉ राजेश साहू, पल्लवी यादव, अधीक्षक महेंद्र भदौरिया, अधीक्षिका पवित्रा परमार, प्रीति चंदेल, दीपा पचौरी, रेखा भारतीय, उमा मालवीय, ज्योतिबाला सिंदल, कविता ललावत सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ. सलूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बेटियों को धर्म और संस्कार से जोड़ते हैं। इन बेटियों को आज संस्कार मिलेंगे, तो यह कल देशभक्त बनकर समाज के हित के कार्य करेंगी। आयोजन में जिजीविषा की सदस्य भागवंती महावीर, रश्मि गहलोत, समीक्षा व्यास, प्रियंका यादव, अर्चना अखंड, टीना राठौर आदि ने बेटियों के पूजन और भोजन में सहयोग किया। भोजन के बाद संस्था सदस्यों और सभी बेटियों ने आदिवासी लोकगीतों पर एक साथ गरबा किया।

उज्जैन सत्याग्रह के 9वें दिन कांग्रेस व बसपा का मिला समर्थन

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने की मांग, नेताओं ने कहा- मताधिकार की रक्षा जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने और मताधिकार की रक्षा की मांग को लेकर टॉवर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जारी 'उज्जैन सत्याग्रह' को जिला व शहर कांग्रेस का खुला समर्थन मिला है। बुधवार को सत्याग्रह के 9वें दिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष व तराना विधायक महेश परमार के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

सत्याग्रहियों को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा करना बेहद जरूरी है। शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर देते हुए नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई। वहीं, महिदपुर विधायक दिनेश जैन 'बोस' ने भी मंच से अपने विचार रखे और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। इन नेताओं के साथ पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल भी विशेष रूप से समर्थन देने पहुंचे थे। क्रमिक अनशन के चौथे दिन रेणुका गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए जनजागरण व एकजुटता का आह्वान किया। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष धन्नालाल सोलंकी ने भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। आंदोलनकारियों ने साफ किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, संघर्ष शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। आंदोलन के दौरान मनजीत सिंह ठकराल, अर्चना सिंह, एडवोकेट प्रकाश चौबे, अजीत सिंह, सबा कुरैशी, रेखा परिहार, रवीश परिहार, अमित आजाद, अर्जुन सिंह वाघेला, रमेश चंद्र शर्मा और सीमा अंजना पटेल सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मल्लखम्ब पदक विजेता खिलाड़ियों ने खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा से की भेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में पदक हासिल कर उज्जैन का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों ने जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उज्जैन के अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा जी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संस्था सचिव व कोच संतोष सोलंकी एवं संस्था उपाध्यक्ष सपना माली उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्तरीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी वेदांश कोठार ने रोप मल्लखम्ब की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया। साथ ही टीम चैंपियनशिप में भी रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, खिलाड़ी आरोही बारोड ने टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल)



प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा जी ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

8 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीरसागर केंद्र के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। इस शानदार खेल के दम पर उज्जैन संभाग ने 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' का खिताब जीता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 खिलाड़ियों का चयन अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रशिक्षक मोहनलाल बंबोरिया ने बताया कि 6 से 10 अक्टूबर तक विदिशा में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में तमन्ना यादव, चार्वी कोरी और हनी ने व्यक्तिगत और टीम चैंपियनशिप दोनों में स्वर्ण पदक जीते। इसी तरह वैशाली भामूरी, इशिका सोलंकी, अंगदा और मोक्ष ने टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किए।

सकल सिंधी समाज के गरबा महोत्सव में नेहा कपूर और यामिनी ठाकुर ने दी प्रस्तुतियां

उज्जैन। सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में इंदौर रोड स्थित होटल पार्क पैलेस में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में मॉडल सोनी पाठक, यामिनी ठाकुर और नेहा कपूर के साथ विभिन्न समूहों ने सिंधी और गुजराती गरबे की शानदार प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मुख्य आकर्षण रहीं प्रसिद्ध मॉडल नेहा कपूर ने उपस्थितजनों के साथ गरबा कर सभी का दिल जीत लिया। ललित लुल्ला और लोकेश आडवाणी ने बताया कि आज दूरदर्शन की एंकर रितिका मेहरा के साथ गरबे होंगे। कार्यक्रम संयोजक गोपाल बलवानी और मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन रात 8 बजे माता की आरती होती है और रात 10.30 बजे तक गरबा आराधना चलती है।

अधिकारियों के निजी बंगले किराए पर, सरकारी आवासों पर क्यों कब्जा?

लोक निर्माण विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन और रिनोवेशन पर उठे सवाल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव के मामले की जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन और उनके रखरखाव पर खर्च होने वाली सरकारी राशि को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी अपने निजी मकानों को किराए पर देकर सरकारी बंगलों का आवंटन करा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जब अधिकारियों के पास स्वयं के आवास उपलब्ध हैं, तो उन्हें सरकारी बंगले आवंटित करने की आवश्यकता और औचित्य क्या है? क्या विभाग में सरकारी आवासों के आवंटन के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है?

मामला लोक निर्माण विभाग भवन/पथ, उज्जैन उप संभाग से जुड़ा है। यहां प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव को बंगला नंबर एफ-6 आवंटित किए जाने और उसके रिनोवेशन के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति कराए जाने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अजय यादव का निर्माण नगर क्षेत्र में निजी बंगला है, जिसे किराए पर दिया गया है। इसके बावजूद उन्होंने सरकारी आवास का आवंटन करा लिया। अब सरकारी बंगले में मरम्मत और रिनोवेशन के नाम पर खर्च किए जाने की प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है।

एफ-6 बंगले पर पहले भी खर्च हो चुकी है राशि

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बंगला नंबर एफ-6 में पहले भी विशेष मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। अब इसी बंगले का आवंटन प्रभारी कार्यपालन यंत्री अजय यादव के नाम होने के बाद रिनोवेशन के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति कराए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि पूर्व में कराए गए मरम्मत कार्यों की स्थिति क्या है, वर्तमान में प्रस्तावित रिनोवेशन की जरूरत क्यों पड़ी और इसके लिए तैयार किए गए प्राक्कलन में किन कार्यों को शामिल किया गया है। यदि हाल ही में मरम्मत पर राशि खर्च की गई थी, तो दोबारा बड़े बजट की आवश्यकता का तकनीकी और वित्तीय औचित्य भी स्पष्ट होना चाहिए।

विभाग में अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थिति भी जांच के दायरे में आए

विभाग में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ हैं। ऐसे में यह भी जांच की जानी चाहिए कि कितने अधिकारियों-कर्मचारियों के पास स्वयं के मकान हैं, कितने लोगों ने अपने निजी आवास किराए पर दे रखे हैं और कितने सरकारी आवासों में रह रहे हैं। साथ ही, सरकारी आवासों के आवंटन की प्रक्रिया, पात्रता, किराया और रखरखाव पर होने वाले खर्च का परीक्षण भी किया जाना चाहिए।

यदि सरकारी आवासों का आवंटन निर्धारित नियमों के विपरीत हुआ है या मरम्मत के नाम पर अनावश्यक राशि स्वीकृत कराई गई है, तो जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वहीं, यदि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप हैं, तो विभाग को दस्तावेजों के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

निजी बंगला किराए पर, सरकारी आवास का आवंटन क्यों?

उठाए जा रहे सवालों के अनुसार, अजय यादव का निजी बंगला किराए पर दिया गया है, जबकि उन्होंने विभागीय सरकारी आवास का आवंटन करा लिया। इस मामले में मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर बंगले का आवंटन कराने की बात भी सामने आई है।

यहां प्रमुख सवाल यह है कि क्या निजी आवास होने की स्थिति में सरकारी बंगले के आवंटन पर कोई प्रतिबंध लागू होता है? यदि ऐसा कोई नियम है, तो क्या उसका पालन किया गया? और यदि आवंटन नियमों के अनुरूप हुआ है, तो उसके आधार और पात्रता का विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

निजी मकान होने मात्र से सरकारी आवास का आवंटन स्वतः अवैध नहीं माना जा सकता। इसकी वैधता संबंधित विभाग के आवंटन नियमों, पात्रता और सक्षम अधिकारी की स्वीकृति पर निर्भर करेगी। इसलिए मामले में दस्तावेजों के आधार पर जांच जरूरी है।

मुख्य अभियंता से जांच की मांग

बंगला नंबर एफ-6 में पूर्व में कराए गए विशेष मरम्मत कार्यों, वर्तमान रिनोवेशन प्रस्ताव, स्वीकृत बजट, आवंटन आदेश और प्रभारी कार्यपालन यंत्री के निजी आवास से संबंधित तथ्यों की जांच की मांग उठ रही है। मुख्य अभियंता को यह परीक्षण करना चाहिए कि सरकारी धन से प्रस्तावित कार्य आवश्यक हैं या नहीं और क्या उनके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है।

सरकारी आवास अधिकारियों की सुविधा के साथ विभागीय व्यवस्था का हिस्सा हैं, लेकिन उनके आवंटन और रखरखाव में पारदर्शिता भी उतनी ही जरूरी है। अब देखना होगा कि विभाग इन सवालों पर रिकॉर्ड के आधार पर क्या जवाब देता है और मामले में जांच के लिए कोई कदम उठाया जाता है या नहीं।

उज्जैन
गुरुवार
15
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

दानानां च समस्तानां चत्वार्येतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।
अर्थ: कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

खबर एक नजर...

स्कूल के लिए निकला 11 साल का बच्चा, मिली लाश

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र में कालका माता मंदिर के पास बुधवार को तालाब में डूबने से 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। वह प्राइवेट स्कूल में छठवीं का छात्र था। वह सुबह बच्चा स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। वह स्कूल नहीं जाकर दोस्त के साथ तालाब पहुंच गया। उज्ज्वल (11) पिता अरुण कुमार झा बुधवार सुबह घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा। वह अपने एक साथी के साथ घूमने चला गया। रास्ते में कालका माता मंदिर के पास तालाब में कमल के फूल देखकर उन्हें तोड़ने के लिए पानी में उतर गया। गहराई का अंदाजा नहीं लगने से वह डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चे ने राहगीरों को आवाज लगाकर मदद मांगी और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस दोपहर करीब 1 बजे मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और नगर पालिका की गोताखोरी टीम की मदद से करीब एक घंटे की कोशिश के बाद उज्ज्वल का शव तालाब से बाहर निकाला गया। उज्ज्वल का परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। उसके पिता अरुण कुमार झा निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। उज्ज्वल माता-पिता की इकलौती संतान था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया है। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

मुंबई जा रहे युवक-युवती को इंदौर एयरपोर्ट पर उतारा

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर मंगलवार रात उस समय हलचल मच गई, जब जोबट पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने मुंबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होने जा रहे एक युवक और युवती को हिरासत में ले लिया। युवती के लापता होने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। दोनों इंडिगो की फ्लाइट से मुंबई जाने वाले थे और बोर्डिंग पास लेकर एरोब्रिज तक पहुंच चुके थे। सूचना मिलने पर उक्त्रक्ष ने उन्हें वापस बुलाया और बाद में मौके पर पहुंची जोबट पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, अलीराजपुर जिले के जोबट थाने में सोमवार को एक युवती के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने हिमानी नाम की युवती के घर से चले जाने की जानकारी पुलिस को दी थी। जांच के दौरान पुलिस को उसके इंदौर एयरपोर्ट से मुंबई जाने की आशंका के संबंध में सूचना मिली। इसके बाद जोबट पुलिस ने इंदौर एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर कार्यालय और उक्त्रक्ष को जानकारी दी कि लापता युवती दो युवकों के साथ मुंबई जाने वाली फ्लाइट में सवार हो सकती है। सूचना मिलते ही सुरक्षा टीम सक्रिय हो गई।

सड़क हादसों में सब्जी व्यापारी और बस चालक की मौत

इंदौर। जूनी इंदौर और तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक सब्जी व्यापारी और एक निजी ट्रेवल्स का बस चालक शामिल है। दोनों हादसों में घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारकर फरार हुए वाहन चालकों की तलाश की जा रही है। पहली घटना मंगलवार रात जूनी इंदौर थाने के पास हुई। आलापुरा निवासी मनीष (42) पिता रवींद्र बिजवा सोनकर धर्मशाला के सामने सब्जी की दुकान लगाते थे। मंगलवार रात वे सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मनीष को राहगीरों और पुलिस की मदद से एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। मनीष परिवार के मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में दो बेटियां, माता-पिता और एक भाई हैं। जूनी इंदौर पुलिस बाइक के नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश कर रही है।

रोहित सिसोनिया को रायसेन कलेक्टर बनाने पर कांग्रेस का तंज

इंदौर। दूषित पानी से 36 मौतों के मामले में कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद इंदौर से हटाए गए रोहित सिसोनिया को रायसेन का कलेक्टर बनाकर सरकार ने भागीरथपुरा के लोगों के साथ मजाक किया है। उन्होंने कहा कि जांच आयोग की रिपोर्ट में सिसोनिया का नाम दोषी अधिकारियों में शामिल है, इसके बावजूद उन्हें कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। चौकसे ने बताया कि दूषित जल हादसे में 36 लोगों की मौत के मामले की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है। रिपोर्ट में जिन अधिकारियों को दोषी माना गया है, उनमें रोहित सिसोनिया का नाम भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सख्त कार्रवाई करने के बजाय उन्हें कलेक्टर बना दिया। चौकसे के मुताबिक, हादसे के बाद सिसोनिया को इंदौर से स्थानांतरित किया गया था। उनके निलंबन की घोषणा भी हुई थी, लेकिन निलंबन का आदेश जारी नहीं हुआ। पीड़ित परिवार अब जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

सैलरी से 568% ज्यादा प्रॉपर्टी, मां-पत्नी के नाम पर ट्रेडिंग-रियल एस्टेट फर्म, लोकायुक्त की रेड

ड्राइवर की नौकरी, 30 करोड़ का मालिक बना पुलिसकर्मी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर/देवास

लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई की। लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम ने सुबह 6 बजे से देवास स्थित उसके निवास समेत इंदौर और देवास के 15 ठिकानों पर सर्चिंग शुरू की।

शुरूआती जांच में आरोपी के पास करीब 30 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिली है। लोकायुक्त के अनुसार, यह उसकी आंकी गई आय से करीब 568% ज्यादा है।

पुलिस विभाग में होने का प्रभाव दिखाता था- शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फिरोज खान पुलिस विभाग में होने का प्रभाव दिखाकर देवास क्षेत्र में विवादित जमीनों और प्लॉटों के मामलों में हस्तक्षेप करता है। उस पर अन्य लोगों के माध्यम से जमीनों का लेन-देन करने, संपत्ति में निवेश करने, परिवार के सदस्यों और एक परिचित महिला के नाम पर संपत्तियां खरीदने, कई वाहन रखने और लकड़ी का कारोबार करने के आरोप भी हैं।

वेतन और अन्य सोर्सेस से 1.93 करोड़ आय का अनुमान- एसपी राजेश सहाय के मुताबिक, फिरोज खान को वेतन से करीब 75 लाख रुपए की आय होना अनुमानित किया गया है। अन्य स्रोतों से होने वाली आय जोड़कर उसकी कुल आय 1.93 करोड़ रुपए आंकी गई है।







देवास में 11 और इंदौर में 4 ठिकानों पर कार्रवाई

लोकायुक्त की टीम देवास में 11 और इंदौर में 4 ठिकानों पर मकान, फ्लैट, कृषि भूमि, प्लॉट और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं। देवास में आदर्श नगर स्थित आरोपी के निवास के अलावा पुष्पकुंज कॉलोनी, विजय नगर कॉलोनी, इंदिरा गांधी नगर, राधागंज और अन्य क्षेत्रों की संपत्तियों की जांच की जा रही है। इंदौर में बाणगंगा क्षेत्र स्थित रोशनी वर्मा के निवास, स्कीम नंबर 94 के मनोरमा अपार्टमेंट और श्रीनगर कॉलोनी के श्रीदेवी अपार्टमेंट स्थित फ्लैट सहित अन्य संपत्तियों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा, देवास जिले के गजीपुरा, जेतपुरा और गद्दूखेड़ी तथा इंदौर जिले की सांवेर तहसील के ग्राम गुरान में स्थित कृषि भूमि और अन्य संपत्तियों को भी जांच में शामिल किया गया है।

मां-पत्नी के नाम पर साहिल ट्रेडिंग नाम की कंपनी

शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी की मां और पत्नी के नाम पर साहिल ट्रेडिंग कंपनी नाम की फर्म है। इस फर्म के खाते में करोड़ों रुपए का लेन-देन हुआ है। वहीं, आरोपी की परिचित रोशनी वर्मा द्वारा रोशनी सेल्स एंड सर्विस नाम से फर्म संचालित किए जाने की जानकारी भी मिली है। जमीनों की खरीद में उनकी भूमिका सामने आने के बाद लोकायुक्त ने उन्हें भी आरोपी बनाया है। जांच में यह भी पता चला है कि फिरोज खान ने रॉयल ग्रीन रियल एस्टेट नाम की फर्म के माध्यम से रियल एस्टेट में निवेश किया है।

सांवेर में 21.75 बीघा जमीन के सौदे की भी जांच- जांच में सांवेर तहसील के ग्राम गुरान में करीब 21.75 बीघा कृषि भूमि से जुड़ा मामला भी सामने आया है। इस जमीन को लेकर शिकायतकर्ता के पुत्र और उसके पिता के बीच विवाद है। आरोप है कि इस विवाद का फायदा उठाकर फिरोज खान ने अपनी परिचित रोशनी वर्मा के नाम पर शिकायतकर्ता के पिता से कृषि भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवाया।

बंगले के एक हिस्से से मोटा किराया मिल रहा- हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान वर्तमान में पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में ड्राइवर के पद पर हैं। इससे पहले वह देवास औद्योगिक थाना और बागली में पदस्थ रहे। पिता भी पुलिस विभाग में रहे थे। फिरोज देवास में ही रहता हैं। उनकी अब तक 20 साल की सरकारी सर्विस हुई है। इंदौर में स्कीम 94 स्थित बड़े बंगले पर लोकायुक्त की एक टीम जांच कर रही है। वहां फिरोज खान की नजदीकी दोस्त रोशनी वर्मा रहती हैं, जबकि बंगले का निचला हिस्सा किराए से दिया गया है। इससे अच्छी-खासी आय होती है।

वीआईपी नंबर वाली स्कॉर्पियो भी जांच के दायरे में- जांच के दायरे में इंदौर में एक काले रंग की स्कॉर्पियो भी है, जिसका वीआईपी नंबर 9000 है। इसके लिए बड़ी रकम दी गई थी।इंदौर में लोकायुक्त की एक टीम बाणगंगा क्षेत्र के एक ठिकाने पर छानबीन कर रही है। इसके बाद टीम श्रीनगर स्थित एक फ्लैट पर जाएगी। इंदौर की तुलना में देवास और आसपास के ठिकानों पर ज्यादा छानबीन चल रही है।

परिवार के ही किसी व्यक्ति ने शिकायत की थी- खास बात यह है कि फिरोज खान की करोड़ों की प्रॉपर्टी की शिकायत उनके परिवार के ही एक व्यक्ति ने लोकायुक्त पुलिस से की थी। इसके बाद बुधवार सुबह करीब 6 बजे लोकल पुलिस की आठ टीमों ने एक साथ 15 स्थानों पर छापेमारी शुरू की।

आठ अधिकारियों की टीम कर रही जांच- देवास में चल रही कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान और दीपक सेजवार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। इंदौर में डीएसपी आनंद चौहान और दिनेशचंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम सर्चिंग कर रही है। लोकायुक्त की टीम बैंक खातों, फर्मों के लेन-देन, निवेश और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज की जांच कर रही है। सर्चिंग पूरी होने के बाद बरामद दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाल्मीकि सेना अध्यक्ष की चेतावनी

मांगें नहीं मानीं तो सनातन-धर्म छोड़ेंगे

आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने सहित कई मांगों को लेकर हो रहा विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सफाई कर्मचारियों की नियमितीकरण, आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने सहित अन्य मांगें पूरी न होने से व्यथित वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याण ने सनातन धर्म छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। जिसमें यह चेतावनी दी गई है।

कल्याण न इसके साथ ही समाज के लोगों का भी आव्हान किया है कि वे सनातन धर्म को छोड़ दें। कल्याण के नेतृत्व में ही इंदौर के सफाई कर्मचारी पिछले दिनों हड़ताल पर थे। इस दौरान देश के सबसे स्वच्छ शहर की तस्वीर बदल गई थी। वहीं कल्याण ने भी मांगों के समर्थन में अपना सिर तक मुंडवा लिया था। कल्याण का आरोप है कि लंबे समय से मांगें उठाने और निगम प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसी से आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाने की बात कही है।

निगम मुख्यालय से आइडिया ग्राउंड तक किया प्रदर्शन- सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर संतोष कल्याण लगातार आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के साथ ही विजयनगर स्थित आइडिया ग्राउंड के बाहर भी जोरदार प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद मांगें पूरी नहीं होने से वे नाराज हैं। अब उन्होंने वीडियो जारी कर सनातन धर्म छोड़ने की घोषणा की है।

वीडियो जारी कर जताई नाराजगी- सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में संतोष कल्याण ने कहा कि वह दुखी होकर यह वीडियो बना रहे हैं। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि वे हिंदू पैदा हुए, लेकिन हिंदू नहीं मरेंगे। कल्याण ने कहा कि जिस तरह बाबा साहेब अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे, उसी तरह वह भी अपने समाज के लोगों के हक के लिए लड़ रहे हैं।



कर्मचारियों को धमकाकर हड़ताल खत्म कराने का आरोप

संतोष कल्याण ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया। उन्होंने निगम के मुखिया, अपर आयुक्त और आयोग के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दबाव बनाकर कर्मचारियों की हड़ताल खत्म कराई गई। उनका कहना है कि हड़ताल करना कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उन्हें कथित तौर पर धमकाकर काम पर लौटने के लिए मजबूर किया गया। कल्याण ने कहा कि कर्मचारियों के साथ हो रहे व्यवहार से वे बेहद आहत हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म छोड़ने का निर्णय लेने की बात तो कही है, लेकिन वे आगे किस धर्म को अपनाएंगे, इस पर अभी कोई घोषणा नहीं की है। उन्होंने समाज के लोगों से भी इस मुद्दे पर अपील की है।

गांधी नगर पंडाल विवाद पर हाई कोर्ट सख्त

अनुमति नहीं थी तो कार्रवाई क्यों नहीं की, डीसीपी को तलब किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

गांधी नगर में पंडाल लगाने और रास्ता बाधित होने के मामले में हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शासन ने कोर्ट को बताया कि पांडाल लगाने की कोई वैध अनुमति नहीं दी गई थी।

इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि जब अनुमति नहीं दी गई, तो पंडाल कैसे लग गया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? कोर्ट ने डीएसपी नरेंद्र रावत को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब पेश करने के संबंध में शासन को निर्देश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई गुरुवार को नियत की गई है।

याचिकाकर्ता एडवोकेट चर्चित शास्त्री की ओर से दायर की ओर से कोर्ट को बताया कि पांडाल के कारण क्षेत्र के हजारों परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता बाधित होने से स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हुआ है। याचिकाकर्ता के अनुसार पंडाल के करीब 50 फीट के हिस्से में से केवल 8 फीट रास्ता छोड़ने के लिए शासन-प्रशासन से निवेदन किया गया था, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि राजनीतिक दबाव के कारण रास्ते की समस्या पर कार्रवाई नहीं की गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने पंडाल की अनुमति और रास्ता बाधित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके पूर्व मंगलवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से पांडाल के लिए वैध अनुमति जारी नहीं किए जाने की जानकारी दी गई थी। इस पर कोर्ट ने पूछा था कि यदि अनुमति नहीं थी, तो पंडाल स्थापित कैसे हुआ और संबंधित अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? इसी मामले में कोर्ट ने डीसीपी नरेंद्र रावत को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के संबंध में शासन को निर्देशित किया।

कर्मचारी से 1.22 लाख की साइबर ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

निजी अस्पताल के मेडिकल कर्मचारी के क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने अमेजन शॉपिंग ऐप के जरिए दिल्ली के पते पर तीन मोबाइल बुक किए। बैंक से ट्रांजेक्शन का मैसेज मिलने के बाद कर्मचारी ने कार्ड ब्लॉक कराया और संयोगितागंज थाने में शिकायत की। पुलिस ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज की। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, संगम नगर निवासी सुनील शर्मा की शिकायत पर ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया गया है। सुनील एक निजी अस्पताल में फार्मेसी का काम करते हैं। 25 सितंबर को जब वे अस्पताल में ड्यूटी पर थे, उसी दौरान उनके बैंक से क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल का मैसेज आया।

121 फीट के रावण का होगा दहन, संजय दत्त और हिंदुस्तानी भाऊ होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विजयदशमी पर इस बार 121 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। छावनी स्थित 2 नंबर स्कूल, आरएनटी मार्ग पर होने वाले विजयदशमी महोत्सव को लेकर आयोजकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और हिंदुस्तानी भाऊ के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के मुताबिक, इस बार रावण दहन रात 12 बजे होगा। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी के साथ भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

आयोजन को लेकर रवि चौधरी और आयुष बोयत ने प्रेस वार्ता आयोजित की। इसमें रवि चौधरी ने बताया कि चौधरी दीनू बोयत के नेतृत्व में पिछले 34 वर्षों से चली आ रही परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी भव्य विजयदशमी महोत्सव 2026 आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से दशहरे पर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। विजयदशमी महोत्सव में 121 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, रावण दहन के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। इसके लिए आयोजन स्थल पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में मुंबई से आने वाले कलाकार भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों का कहना है कि इस बार महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के साथ दर्शकों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा। इस आयोजन को लेकर बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और हिंदुस्तानी भाऊ के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। आयोजकों ने प्रेस वार्ता में उनके शामिल होने की बात कही है, लेकिन उनकी मौजूदगी की अंतिम पुष्टि अभी नहीं हुई है।

इंदौर में जलसंकट अलर्ट, 50 करोड़ का पैकेज मांगा

सीजन में 14 इंच कम बारिश, भूजल स्तर भी आधा, 7 में से 6 तालाब नहीं भरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में इस बार कमजोर मानसून ने अगले साल गर्मी में जल संकट की आशंका बढ़ा दी है। शहर में सामान्य तौर पर होने वाली करीब 37 इंच बारिश के मुकाबले इस मानसून में लगभग 23 इंच पानी ही बरसा। यानी करीब 14 इंच बारिश कम हुई।

इसका असर जलस्रोतों के साथ भूजल रिचार्ज पर भी दिखाई दे रहा है। यशवंत सागर सहित शहर के प्रमुख तालाबों में भी पिछले वर्षों की तुलना में कम पानी जमा हुआ है। वहीं, 2026 में भूजल रिचार्ज का आंकड़ा पिछले चार वर्षों के मुकाबले काफी नीचे आ गया है।

2008 में भी बनी थी जलसंकट की स्थिति- इंदौर में वर्ष 2008 में भी करीब 20 इंच बारिश हुई थी और उस समय भी जल संकट की स्थिति बनी थी। अब 18 साल बाद कम बारिश के कारण एक बार फिर गर्मी में पानी की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ रही है। शहर की बड़ी आबादी नर्मदा जलापूर्ति पर निर्भर है, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक नर्मदा से मिलने वाले पानी की मात्रा बढ़ाने की गुंजाइश सीमित है। ऐसे में तालाबों में कम जलभराव, भूजल का लगातार दोहन और सप्लाई नेटवर्क में होने वाला नुकसान चुनौती बढ़ा सकते हैं। शहर की आबादी करीब 35 से 40 लाख मानी जाती है। घरेलू जरूरतों के लिए प्रतिदिन करीब 620 एमएलडी पानी की आवश्यकता का अनुमान है। औद्योगिक, व्यावसायिक, संस्थागत और अन्य उपयोग जोड़ने पर कुल मांग 750 से 800 एमएलडी तक बताई जाती है।



इंदौर शहर में 27 तालाब- शहर में तालाबों की भूमिका भी अहम है। इंदौर में 27 तालाब हैं, जिनमें से सात प्रमुख तालाबों की निगरानी नगर निगम करता है। इनकी संयुक्त क्षमता करीब 2,880 करोड़ लीटर बताई गई है, जबकि उपलब्ध पानी का एक अन्य आकलन करीब 2,260 करोड़ लीटर है।

तालाबों में नहीं हुआ जलभराव- इस बार कम बारिश के कारण तालाबों में अपेक्षित जलभराव नहीं हुआ। कुछ तालाबों में जलस्तर क्षमता के मुकाबले काफी नीचे है, जबकि कुछ के आंकड़ों का दोबारा मिलान जरूरी है। शहर के कई वार्डों में अपनी ओवरहेड टंकियां नहीं हैं। ऐसे क्षेत्रों में दूसरे वार्डों की टंकियों से पानी पहुंचाया जाता है। कुछ जगहों पर एक ही टंकी से तीन वार्डों तक आपूर्ति होती है। इससे सप्लाई के समय और वितरण पर दबाव बढ़ता है। पिछले साल मालवा मिल स्थित हाइड्रेंट को भी पहली बार बंद करना पड़ा था। इस बार संकट से बचने के लिए जलस्रोतों की स्थिति, टैंकरों की जरूरत, पाइपलाइन लीकेज और भूजल रिचार्ज पर समय रहते काम करने की जरूरत है।

नर्मदा से 440 एमएलडी पानी मिलने का आंकड़ा

इसके मुकाबले नर्मदा से करीब 440 एमएलडी पानी मिलने का आंकड़ा दिया गया है। वितरण के दौरान लीकेज और अन्य कारणों से 20 से 22 प्रतिशत तक पानी का नुकसान होने की बात भी सामने आती है। ऐसे में उपलब्ध पानी का बेहतर प्रबंधन और वैकल्पिक स्रोतों को सुरक्षित रखना जरूरी है।
पिछली गर्मियों में बोरवेल पर निर्भर आबादी के करीब 40 प्रतिशत हिस्से को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा था। हालात संभालने के लिए करीब 700 टैंकरों से पानी पहुंचाना पड़ा।

खबर एक नजर...

मंत्री बोले- फिर खुलेंगे लाड़ली बहना योजना के पोर्टल

भोपाल। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से अब तक वंचित महिलाओं के लिए दोबारा पंजीयन का रास्ता खुलने की संभावना जताई गई है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में जल्द निर्णय लेने की बात कही है। इसके लिए अधिकारियों को योजना का लाभ नहीं ले पा रहीं महिलाओं की संख्या का आकलन करने और उनके पंजीयन की व्यवस्था तय करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त संदीप जीआर ने फिलहाल ऐसे किसी निर्णय से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि योजना की मौजूदा स्थिति में अभी कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।

बिल्डर जीशान अली का 2 करोड़ रुपए का बैंक फजीर्वाड़ा

भोपाल। शहर में बिल्डर द्वारा बैंक के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू ने रॉयल हेरिटेज बिल्डर्स कॉलोनाइजर्स के एमडी जीशान अली और उनकी पत्नी नाजनीन अली के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने जो जमीन पहले ही अपनी बेटियों के नाम हिबा (दान) कर दी थी, उसी जमीन को अपनी बताकर पीएनबी से 2 करोड़ रुपए का लोन ले लिया। जब कर्ज नहीं चुकाया और बैंक ने कुर्की की तैयारी की तो वसूली रोकने के लिए अपनी ही बेटियों के जरिए कोर्ट में मुकदमे दर्ज करवा दिए। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पति-पत्नी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने केस दर्ज किया है। सिविल कोर्ट से दावा खारिज होने के बाद मामला डीआरएटी इलाहाबाद पहुंचा। बैंक ने अदालत में कहा कि जीशान वसूली से बचने के लिए मिलीभगत से छद्म मुकदमा चला रहे हैं। डीआरटी ने 8 मार्च 2019 को बैंक के पक्ष में फैसला देकर रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया। इसके बावजूद बैंक के 2,07,86,807.48 रुपए बकाया हैं। ईओडब्ल्यू के मुताबिक, कंपनी की डायरेक्टर और गारंटर रहीं जीशान की मां का निधन हो चुका है। इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं की गई। जीशान के खिलाफ पिछले साल दिसंबर में भी फजीर्वाड़े के केस दर्ज हुए थे।

3 घंटे की मॉकड्रिल... दमकल की राह में जो सामान आया, जब्त होता गया

भोपाल। न्यू मार्केट में आग लगने पर दमकलों को रास्ता देने के लिए नगर निगम ने बुधवार को मॉकड्रिल की। दो दमकलों को पूरे बाजार में घुमाया गया। जहां दुकानों के सामने रखे सामान के कारण दमकलें आगे नहीं बढ़ पाईं, वहां से सामान हटाकर जब्त किया गया। गुरुवार से दुकानों के सामने 5 फीट की पीली पट्टी से सीमा तय होगी। इसके बाहर सामान रखने पर जब्ती की कार्रवाई होगी। वहीं, नो-व्हीकल जोन में रेहड़ी लगाकर कारोबार करने वाले हॉकरों को टीटी नगर स्टेडियम के पास हाट बाजार में शिफ्ट किया जाएगा। निगम ने इसके लिए अनाउंसमेंट भी करा दिया है। बुधवार को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चली मॉकड्रिल में दो दमकलों के साथ दो अतिक्रमण वाहन और तीन लाइट व्हीकल भी पूरे बाजार में निकाले गए। दरअसल, 8 अक्टूबर को बालाजी छोले भटूरे की दुकान में लगी आग से पांच बड़ी दुकानें और 12 से ज्यादा रेहड़ियां प्रभावित हुई थीं। 10 करोड़ रुपए से अधिक के नुकसान के बाद दमकलों की पहुंच सुनिश्चित करने मॉकड्रिल की गई।

टीटी नगर में हंगामा, रात सवा एक बजे चल समारोह में डीजे बंद कराने पर विवाद

भोपाल। टीटी नगर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात मां काली प्रतिमा स्थापना के चल समारोह में डीजे बंद कराने पर विवाद हो गया। समिति पदाधिकारी का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने बिना बातचीत भीड़ पर डंडे चलाए। इससे आक्रोशित लोग पुलिसकर्मियों से बहस और धक्का-मुक्की करने लगे, कुछ उन्हें मारने दौड़े। इसके बाद 100 से अधिक हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता जुटे और मारपीट का आरोप लगाकर टीटी नगर थाना घेर लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। पुलिस ने नटराज डीजे, गोस्वामी इवेंट, बाबा इवेंट सीहोर और मां शारदा बिट्स डीजे पर केस दर्ज किया है। कार्रवाई देर रात बिना अनुमति तेज डीजे बजाने, सड़क रोकने और साउंड सिस्टम में नियम विरुद्ध बदलाव पर की गई। टीआई गौरव सिंह दोहर ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हंगामे और घेराव मामले में कोई केस नहीं हुआ है। अपेक्स बैंक तिराहे और मुख्य मार्ग के वीडियो सामने आए हैं। इसमें पुलिस और कुछ युवकों के बीच बहस और धक्का-मुक्की दिख रही है।

श्मशान से घिरा मां बगलामुखी मंदिर

आगर-मालवा। आगर-मालवा जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर चारों दिशाओं से श्मशान और कब्रिस्तान से घिरा हुआ है। लखुंदर नदी के किनारे स्थित इस मंदिर में तांत्रिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। मंदिर के गर्भगृह में मां तीन रूपों में विराजित हैं- मध्य में मां बगलामुखी, दाएं महालक्ष्मी और बाएं मां सरस्वती। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की सलाह पर पांडवों ने यहां मां की आराधना की और खोया हुआ राज्य वापस पाया।

भूमिहीन होने का दावा करने वाले परिवारों के मूल गांवों में पक्के मकान होने की बात रिपोर्ट में आई सामने

बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण पर जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी

शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद मुख्यमंत्री ने दिए थे जांच के आदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/सीहोर



बुधनी वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने को लेकर उठे विवाद के बीच जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल को भेजी गई रिपोर्ट में वन भूमि पर कब्जे, सागौन के पौधों को काटने और प्रभावित परिवारों के मूल निवास से जुड़े तथ्यों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे जिलों से आए लोगों ने वन विकास निगम के पौधारोपण क्षेत्र में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू कर दी थी।

मामले ने उस समय राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय सिंह प्रभावित परिवारों के धरने में शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को फोन पर मामले की जानकारी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए। मंगलवार को तीसरे दिन भी वन विकास निगम के डिपो के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, भैरूंदा तहसील के लाड़कुई परिक्षेत्र की कोसमी बीट स्थित रिजर्व फॉरेस्ट के कंपार्टमेंट क्रमांक 426 में वन विकास निगम की 31.48 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2020 में सामान्य वनमंडल से 186.960 हेक्टेयर वन भूमि वन विकास निगम के सीहोर परियोजना मंडल को हस्तांतरित की गई थी।

वर्ष 2022 में झोपड़ियां बनाकर खेती शुरू करने का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में सुनील, पिता शैतान, सहित अन्य 11 लोगों ने पौधारोपण को नुकसान पहुंचाकर अस्थायी झोपड़ियां बना लीं और खेती के लिए वन भूमि पर कब्जा कर लिया। हालांकि, इस मामले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नौ झोपड़ियां हटाए जाने का उल्लेख किया गया है। कार्रवाई के दौरान एक अवैध कुएं को मिट्टी और मुरम से भरने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है। पूरी कार्रवाई की ड्रोन से वीडियोग्राफी कराए जाने का उल्लेख भी किया गया है।

मूल गांवों में पक्के मकान होने की बात

कलेक्टर की रिपोर्ट में कहा गया है कि 11 अक्टूबर को कार्रवाई के दौरान हटाए गए नौ कब्जाधारियों के सिंहपुर और हबीबनगर स्थित मूल निवास स्थानों पर पहले से पक्के मकान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां मकान नंबर और मतदाता पहचान पत्र से संबंधित रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। भैरूंदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि भूमिहीन होने का दावा करने वाले इन लोगों के मूल गांवों में पक्के मकान मौजूद हैं। प्रशासन ने इन तथ्यों को वन भूमि पर कब्जे से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण बताया है।

वन भूमि की सुरक्षा और प्रभावित परिवारों के सवाल

इस पूरे मामले में एक ओर प्रशासन की जांच रिपोर्ट में वन भूमि पर अतिक्रमण और सागौन के पौधों को नुकसान पहुंचाने के आरोप सामने आए हैं, वहीं दूसरी ओर मकान तोड़े जाने के कारण प्रभावित परिवारों का विरोध जारी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के धरने में शामिल होने के बाद मामला राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी चर्चा में आया।

अब इस प्रकरण में जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर शासन की आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी। साथ ही, प्रभावित परिवारों की पात्रता, उनके दावों और कार्रवाई की प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की स्थिति स्पष्ट होना भी जरूरी है, ताकि वन भूमि की सुरक्षा के साथ प्रभावित लोगों से संबंधित तथ्यों का भी निष्पक्ष परीक्षण हो सके।

महिला से 2.08 करोड़ की मेथामफेटामाइन जब्त

बैग-पर्स की गुप्त जेबों में छिपाई थी, दिल्ली से बेंगलुरु जा रही बस में सवार थी महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की भोपाल यूनिट ने बुधवार तड़के आईएसबीटी पर कार्रवाई कर एक महिला यात्री से 2 किलो 604 ग्राम मेथामफेटामाइन जब्त की है।

अंतरराष्ट्रीय ब्लैक मार्केट में इसकी कीमत करीब 2.08 करोड़ रुपए आंकी गई है। महिला दिल्ली से बेंगलुरु जा रही एक स्लीपर बस में सवार थी और मादक पदार्थ को अपने बैकपैक और पर्स की अंदरूनी अस्तर में बनी गुप्त जेबों में छिपाकर ले जा रही थी। डीआरआई ने महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

डीआरआई अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दिल्ली से बेंगलुरु जा रही बस में एक महिला यात्री बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ लेकर सफर कर रही है। इस इनपुट के आधार पर अधिकारियों ने भोपाल के आईएसबीटी पर निगरानी शुरू की। बुधवार तड़के बस के पहुंचते ही टीम ने महिला को सामान सहित नीचे उतारा और तलाशी ली। इस दौरान उसके बैग और पर्स में ड्रग्स छिपाने के लिए बनाई गई गुप्त जेबों का पता चला।



बैग से 1.885 किलो, पर्स से 719 ग्राम ड्रग्स मिली

तलाशी में बैकपैक की अंदरूनी गुप्त जेब से चांदी के रंग के प्लास्टिक पैकेट में 1 किलो 885 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ मिला। वहीं, लेडीज पर्स की अस्तर में बनी गुप्त जेब से 719 ग्राम पदार्थ बरामद हुआ। दोनों पैकेट का कुल वजन 2 किलो 604 ग्राम निकला। डीआरआई की एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट से जांच करने पर पदार्थ के मेथामफेटामाइन होने की पुष्टि हुई।

बेंगलुरु में किसे देनी थी डिलीवरी, जांच जारी

डीआरआई की टीम महिला से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मादक पदार्थ उसे कहां से मिला और बेंगलुरु में इसकी डिलीवरी किसे दी जानी थी। अधिकारी तस्करी के नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रहे हैं।

धीरेंद्र शास्त्री बोले- गरबा पंडाल में गोमूत्र पिलाकर दें एंट्री

रथयात्रा में कहा- बेटियो, दुर्गा बनना, काली बनना, कभी ना बुकेर्वाली बनना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

बेटियो! तुम दुर्गा बनना, काली बनना, लेकिन कभी ना बुर्के वाली बनना। नवरात्र का पर्व चल रहा है। गरबा में धर्म विरोधी नाम बदलकर आएंगे, इसलिए गरबा पंडाल में बाहरी लोगों को गोमूत्र पिलाकर एंट्री दी जानी चाहिए। कम से कम उनकी घर वापसी तो हो जाएगी।

यह बात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कही। दरअसल, धीरेंद्र शास्त्री 11 अक्टूबर से सनातन हिंदू एकता रथयात्रा निकल रहे हैं, जो 13 अक्टूबर की रात सागर के गढ़ा कोटा पहुंची। यहां बस स्टैंड में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नवरात्र और गरबा का जिक्र करते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की। शास्त्री का कहना था कि गरबा में कुछ लोग कालनेमि की तरह रूप बदलकर आते हैं। उन्होंने गढ़ा कोटा और सागर को लव जिहाद मुक्त बनाने की बात भी कही। साथ ही कहा कि वे साधु हैं, नेता नहीं; लोगों को जागरूक कर सकते हैं।

गौरतलब है कि शास्त्री ने गरबा पंडाल में गोमूत्र पिलाकर एंट्री देने की बात दमोह में कही थी।

जात-पात मिटाने और नशामुक्ति की अपील

मंचीय कार्यक्रम के बाद रथयात्रा रहली की ओर रवाना हुई। रहली बायपास पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा कड़ता गांव और ढाना सहित विभिन्न स्थानों से गुजरी। रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रथ से शास्त्री ने कहा, ह्लजात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई ह्व उन्होंने हिंदुओं से एक-दूसरे के काम आने और लोगों से शराब छोड़कर अपने गांव को नशामुक्त बनाने की अपील की।

यात्रा बम्होरी बीका, बम्होरी चौराहा और आरटीओ रोड से होते हुए रात करीब 2:30 बजे बालाजी मंदिर परिसर पहुंची। यहां दिव्य दरबार लगाया गया और यात्रा ने रात्रि विश्राम किया।

जेन-जी के प्रदर्शन पर बोले- युवाओं को अपनी बात रखने का अधिकार

मीडिया से चर्चा में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि रथयात्रा के जरिए कम समय में अधिक स्थानों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा, तनातनी नहीं, सनातनी रहें और एक रहेंगे, नेक रहेंगे।

दिल्ली में जेन-जी के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं को अपनी बात रखने का अधिकार है। हालांकि, उन्हें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि देश की छवि खराब न हो।

आज मकरोनिया से बंडा पहुंचेगी रथयात्रा

14 अक्टूबर को सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और ध्वजारोहण के बाद यात्रा आगे रवाना होने का कार्यक्रम है। यात्रा मोती नगर चौराहे, ओम स्टील, रेलवे ब्रिज और भगवानगंज होते हुए मकरोनिया पहुंचेगी। यहां रजाखेड़ी चौराहे पर स्वागत कार्यक्रम होगा। इसके बाद यात्रा बंडा के लिए रवाना होगी। करापुर में मंचीय कार्यक्रम के बाद रथयात्रा बंडा पहुंचेगी।

इंदौर-भोपाल-जबलपुर के बीच मप्र का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा

600 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे के आसपास बनेंगे नए औद्योगिक क्षेत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में पहली बार 3 बड़े शहरों को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे के आसपास इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी है। इंदौर-भोपाल-जबलपुर के बीच प्रस्तावित करीब 600 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे के आसपास चुनिंदा जगहों पर नए औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाएंगे। यानी यह एक्सप्रेस-वे सिर्फ शहरों को जोड़ने का रास्ता नहीं होगा, बल्कि नए उद्योग स्थापित करने का आधार भी बनेगा।

इसके लिए सरकार एक अलग कंपनी (एसपीवी) बनाएगी, जो सड़क के आसपास उद्योगों के लिए उपयुक्त जमीन तलाशेगी। कंपनी को जमीन अधिग्रहण के अधिकार भी दिए जा सकते हैं। प्रस्ताव गुरुवार को कैबिनेट में आ सकता है। मंजूरी मिली तो यह प्रदेश का पहला और सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर होगा।

1. जबलपुर-भोपाल के बीच धरमपुरा में 954 एकड़ में मल्टी प्रोडक्ट इंडस्ट्रियल पार्क विकसित होगा। इस पर 576 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। यह जबलपुर से 40 किमी, सिवनी से 156 किमी, नागपुर से 260 किमी, भोपाल से 297 किमी दूर होगा।

2. भोपाल-इंदौर के बीच सीहोर जिले के आष्टा में 8,482 हेक्टेयर यानी करीब 21 हजार एकड़ में औद्योगिक पार्क प्रस्तावित है। इसके अलावा बड़ियाखेड़ी और झीलेला में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे। यहां 6 हजार एकड़ सरकारी और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम की जमीन है। 5 हजार हेक्टेयर निजी अधिग्रहीत करेंगे।

3. कैबिनेट की मंजूरी के बाद कंपनी बनेगी उद्योग विभाग ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले जमीन की उपलब्धता व सड़क संपर्क की संभावनाएं तलाश रहा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अलग कंपनी गठित होगी। यह एक साल में तय करेगी कि एक्सप्रेस-वे के आसपास किन-किन जगहों पर नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा सकते हैं।

नर्सिंग ऑफिसर के साथ सनसनीखेज वारदात, शादीशुदा युवक ने कानपुर ले जाकर हत्या कर दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिंड

भिंड निवासी सत्यप्रकाश उर्फ बादशाह जाटव ने लिव इन पार्टनर की हत्या कर खुद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की साजिश रची। पुलिस की सख्ती पर उसने बिहार निवासी और नर्सिंग ऑफिसर स्नेहलता की हत्या कर शव उप्र के पचनदा में नदी में फेंकना कबूल किया।

पुलिस टीम शव की तलाश कर रही है। पहले से शादीशुदा और निसंतान सत्यप्रकाश का कॉलेज में पढ़ाई के दौरान स्नेहलता से संपर्क हुआ था।

लिव इन रिलेशनशिप में रहने से दोनों का एक बेटा भी हुआ। पत्नी से विवाद के चलते सत्यप्रकाश ने साजिश रची और 8 अक्टूबर को बेटे को अपनी पत्नी को सौंप दिया। इसके बाद वह स्नेहलता को कानपुर घुमाने के बहाने एंबुलेंस ड्राइवर राजवीर खन्ना और एक अन्य साथी के साथ ले गया और रास्ते में हत्या कर दी।

पर्चा भी छपवाया

सत्यप्रकाश ने सिटी कोतवाली पुलिस को लिखित में आवेदन देते हुए स्नेहलता के गुमशुदा होने की सूचना दर्ज कराई। साथ ही, इसने पर्चा भी छपवा लिया। लेकिन पुलिस ने जब पड़ताल की, तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ ने संबंधित विभागों से दो सप्ताह में जवाब और पुराने आदेशों पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी

एनजीटी की सख्ती: शहर में धूल के कण मानक से 83% अधिक

भोपाल में नए केंद्रों के लिए पुराने आंकड़ों और रिकॉर्ड की समीक्षा की सिफारिश है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राजधानी में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 21 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इनमें एमपी नगर, कोलार, रेलवे स्टेशन, लालघाटी, प्रभात चौराहा, करोंद और नादरा बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाके शामिल हैं। शहर में पीएम10 का वार्षिक औसत 110 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ है, जो निर्धारित मानक 60 से करीब 83% ज्यादा है।

मंगलवार को हुई सुनवाई में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ ने संबंधित विभागों से दो सप्ताह में जवाब और पुराने आदेशों पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी। प्रस्तुत कार्ययोजना में सभी हॉटस्पॉट के निरीक्षण और अलग-अलग एक्शन प्लान बनाने की सिफारिश की गई है।

याचिकाकर्ता राशिद नूर खान की ओर से हर्षवर्धन तिवारी ने पक्ष रखा। सुनवाई न्यायमूर्ति एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने की। बेंच में पेश आंकड़ों के मुताबिक, भोपाल में पीएम10 का वार्षिक औसत 2023-24 में 113 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था, जो 2024-25 में घटकर 110 रह गया। यानी करीब 3% कमी आई। वहीं, इंदौर में यह 99 से बढ़कर 108 हो गया। पीएम10 के सूक्ष्म कण सांस के जरिए शरीर में पहुंचकर खांसी और सांस की परेशानी बढ़ा सकते हैं।

ये हैं 21 प्रदूषण हॉटस्पॉट

1. एमपी नगर पुलिस स्टेशन 2. कोलार थाना, कोलार रोड 3. भोपाल रेलवे स्टेशन 4. भोपाल टॉकीज चौराहा 5. कपड़ा मार्केट, बैरागढ़ 6. सर्वधर्म नगर चौराहा, कोलार रोड 7. ज्योति टॉकीज चौराहा 8. लालघाटी चौराहा 9. प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा रोड 10. बैरागढ़ सेवनिया चौराहा 11. भानपुर खंती, भानपुर 12. जेके रोड, भोपाल 13. करोंद चौराहा 14. नादरा बस स्टैंड, छोला रोड 15. 10 नंबर चौराहा 16. मनीषा मार्केट चौराहा 17. मैनिट चौराहा 18. नेहरू नगर चौराहा 19. सुभाष विश्राम घाट 20. गोविंदपुरा वेस्ट सेग्रिगेशन सेंटर 21. सारथी अस्पताल, होशंगाबाद रोड



बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा के मरीजों को ज्यादा खतरा है।

ब्लोअर के बजाय सक्शन मशीन से सफाई की सिफारिश... प्रदूषण रोकने के लिए ब्लोअर से धूल उड़ाने के बजाय सक्शन मशीन से सड़कें साफ करने की सिफारिश है। सड़क किनारे और फुटपाथ पक्के करने, खाली जगह पौधे लगाने, निर्माण स्थलों की निगरानी, निर्माण सामग्री का उचित प्रबंधन और खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने को भी कहा गया है। हॉटस्पॉट के लिए विभागवार जिम्मेदारी और समयसीमा तय होना बाकी है।

भोपाल में उमराह के नाम पर 5 लोगों से ठगी:मक्का-मदीना भेजने का दिया झांसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

उमराह के लिए मक्का-मदीना भेजने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए लेने के बाद आरोपी ईरान-इजराइल युद्ध का हवाला देकर उन्हें टालता रहा। भोपाल के कोतवाली थाना क्षेत्र में कोहिनूर हज एंड उमराह सर्विसेज के संचालक हाफिज राहिल खान पर 5 लोगों लाखों रुपए लेने का आरोप है। पीड़ितों का आरोप है कि न उन्हें यात्रा पर भेजा गया और न ही पैसे लौटाए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में बिजनेस पार्टनर बनाने के नाम पर एक आयुष डॉक्टर से 10 लाख रुपए लेने की शिकायत भी सामने आई है। पुलिस को आशंका है कि ठगी की कुल रकम और ज्यादा हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने एक स्थानीय मस्जिद के पास ट्रैवल एजेंसी खोली थी। इसके जरिए लोगों को हज और उमराह के लिए मक्का-मदीना ले जाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि उसने कई लोगों से यात्रा के नाम पर रुपए लिए, लेकिन न तो उन्हें यात्रा पर भेजा और न ही रकम लौटाई। लंबे समय तक इंतजार करने के बाद पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की।

नाना की प्रेयर मीट में पहुंचे सेलेब्स, सीआईडी फेम शिवाजी साटम और कमिश्नर तुकाराम ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई में दिवंगत अभिनेता नाना पाटेकर की प्रेयर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'सीआईडी' फेम अभिनेता शिवाजी साटम, मराठी अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर, अली खान, डायरेक्टर मेहुल कुमार और कमिश्नर तुकाराम मुंढे समेत मनोरंजन जगत के कई चेहरे शामिल हुए। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को प्रभादेवी स्थित पी.एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नाम 'आठवणीतले नाना' रखा गया था। प्रार्थना सभा के बाद नाना पाटेकर की फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखी गई।



8 अक्टूबर को गोवा में 75 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से नाना पाटेकर का निधन हो गया था। 75 वर्षीय अभिनेता नाना पाटेकर का निधन 8 अक्टूबर की सुबह 5:20 बजे गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से हुआ था। नाना पाटेकर को करीब 45 मिनट तक उढफदिया गया था, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टर के मुताबिक, नाना पाटेकर की हार्ट की मुख्य नस (लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी) में खून का थक्का जमने से यह स्थिति बनी। यह नस दिल के एक बड़े हिस्से तक खून पहुंचाती है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह एथेरोस्क्लेरोटिक कोरोनरी आर्टरी डिजीज के कारण दिल की मुख्य नस में खून का थक्का जमने से हुआ गंभीर हार्ट अटैक बताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को कुछ समय गोवा में रखा गया और फिर अंतिम संस्कार के लिए पुणे स्थित उनके फार्महाउस ले जाया गया था।

ऑडिशन के लिए शादी छोड़कर भागीं श्रिया सरन

साउथ में बनीं सुपरस्टार, बॉलीवुड में स्ट्रगल किया, बोलीं- नॉमिनेशन मिला, अवॉर्ड शो में नहीं बुलाया

माता-पिता चाहते थे कि श्रिया सरन पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग में आएं, लेकिन एक म्यूजिक वीडियो ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। तेलुगु फिल्म इष्टम से करियर शुरू करने वाली श्रिया ने साउथ की फिल्मों में पहचान बनाई, लेकिन बॉलीवुड में संघर्ष करना पड़ा। तुझे मेरी कसम, शुक्रिया और मिशन इस्तांबुल से उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

उन्होंने करियर में गलत फैसले लेने की बात भी स्वीकार की। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। रजनीकांत की शिवाजी, अजय देवगन की दृश्यम फ्रेंचाइजी और एसएस राजामौली की आरआरआर ने उन्हें नई पहचान दी।

श्रिया सरन का फिल्मी सफर पारंपरिक तरीके से शुरू नहीं हुआ। उनके परिवार का फिल्मों से कोई संबंध नहीं था और न ही उन्होंने बचपन से अभिनेत्री बनने का सपना देखा था। उनका जन्म 11 सितंबर 1982 को हुआ। हरिद्वार में शुरूआती जीवन बिताने के बाद वह दिल्ली आईं। वहां उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य की पढ़ाई के साथ कथक की ट्रेनिंग भी ली।

कॉलेज के दिनों में म्यूजिक वीडियो में काम करने का मौका मिलने से श्रिया की जिंदगी बदल गई। उनकी डांस टीचर ने प्रोडक्शन कंपनी को उनका नाम सुझाया था। श्रिया ने इसे करियर बनाने की योजना के बजाय नया अनुभव माना और ऑडिशन देने पहुंच गईं।



इसके बाद वह थिरकती क्यों हवा म्यूजिक वीडियो में नजर आईं, जिसने फिल्मों के दरवाजे खोले। उन्हें तेलुगु फिल्म इष्टम का ऑफर मिला और 17 साल की उम्र में वह अभिनय की दुनिया में आ गईं। श्रिया के माता-पिता उनके एक्टिंग के फैसले से बहुत उत्साहित नहीं थे। उनके पिता इंजीनियर थे और मां स्कूल में केमिस्ट्री की टीचर थीं। परिवार चाहता था कि बेटी पहले पढ़ाई पूरी करे, फिर करियर का फैसला ले। श्रिया के सामने शर्त थी कि वह फिल्मों में काम करें, लेकिन पढ़ाई बीच में न छोड़ें। उन्हें दोनों जिम्मेदारियां साथ निभानी थीं। तेलुगु फिल्म इष्टम की शूटिंग के लिए उन्हें हैदराबाद जाना पड़ा। सेट पर काम सीखने के साथ कॉलेज की पढ़ाई भी जारी रखनी थी। भाषा की चुनौती भी थी, क्योंकि उन्हें तेलुगु नहीं आती थी। फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में श्रिया ने शूटिंग के शुरूआती दिनों का किस्सा सुनाया था। एक बार तेलुगु डायलॉग बोलते हुए वह अटक गईं। निर्देशक ने कहा कि डायलॉग नहीं बोल पाईं तो उन्हें दिल्ली लौटना पड़ेगा। श्रिया ने तुरंत डायलॉग बोल दिया, क्योंकि वह कॉलेज लौटने के बजाय फिल्म की शूटिंग जारी रखना चाहती थीं।

साउथ में पहचान मिली, हिंदी फिल्मों में नहीं चला जादू

इष्टम के बाद श्रिया को तेलुगु फिल्मों में काम मिलने लगा। 2002 में आई संतोषम उनके करियर की शुरूआती सफल फिल्मों में शामिल रही। इसके बाद उन्होंने तमिल-तेलुगु सिनेमा में लगातार काम किया। हिंदी फिल्मों में उनका सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने तुझे मेरी कसम, शुक्रियाः टिल डेथ डू अस अपार्ट और मिशन इस्तांबुल में काम किया

'दृश्यम 3' की कमाई 500 करोड़ रुपए के पार हुई

इस क्लब में शामिल होने वाली अजय देवगन की पहली फिल्म; 2026 की दूसरी सबसे हिट फिल्म बनी

क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। 501.80 करोड़ रुपए के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ यह अजय देवगन के करियर की 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली बतौर लीड एक्टर पहली फिल्म बन गई है।



ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारत में अब तक 323.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। इसके साथ ही यह साल 2026 में भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई है।

फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को भारत में 8.50 करोड़ रुपए की कमाई की। सोमवार के 6 करोड़ रुपए के कलेक्शन के मुकाबले इसमें 41.7% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मंगलवार को टिकटों के दाम कम होने और करीब 1,000 नई स्क्रीन जुड़ने के कारण कलेक्शन में यह सुधार देखने को मिला।

इससे पहले फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में 245.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। 2 अक्टूबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में 176.50 करोड़ रुपए बटोरे थे।

वर्ल्डवाइड कलेक्शन में 'धुरंधर 2' के बाद दूसरे नंबर पर

दुनिया भर में कुल कमाई के मामले में 'दृश्यम 3' (501.80 करोड़ रुपए) ने 'बॉर्डर 2' (464.50 करोड़ रुपए) और 'हनुमान अंश' (436.75 करोड़ रुपए) दोनों को पीछे छोड़ दिया है। इस सूची में केवल 'धुरंधर 2' ही आगे है, जिसने दुनिया भर में 1852.44 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। दूसरे हफ्ते में कोई बड़ी नई फिल्म रिलीज न होने का सीधा फायदा 'दृश्यम 3' को सिनेमाघरों में मिल रहा है।

अजय देवगन के 35 साल के करियर की सबसे बड़ी फिल्म

दृश्यम 3, रिलीज के पहले हफ्ते में ही ब्लॉकबस्टर साबित हो रही है। इसी के साथ ये अजय के 35 साल के करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन चुकी है। अब तक ये रिकॉर्ड 2024 में आई सिंघम अगेन के पास था, जिसने 389 करोड़ कलेक्शन किया था। इसके अलावा तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर और दृश्यम 2 भी अजय के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हैं। दृश्यम 3 भले ही अजय देवगन के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है, हालांकि हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों के मामले में वह अब भी कई ए-लिस्टर्स से पीछे हैं।

हनी सिंह को समनः गाड़ी में शारीरिक संबंध वाले बयान पर विवाद

पेश न होने पर जारी हो सकता है लुक आउट सर्कुलर

महाराष्ट्र साइबर सेल ने रैपर और सिंगर हनी सिंह को दिल्ली कॉन्सर्ट में की गई कथित अश्लील टिप्पणी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। पुलिस ने उन्हें 16 अक्टूबर को अधिकारियों के सामने पेश होने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले हनी सिंह विदेश में होने का हवाला देकर तीन समन टाल चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक हनी सिंह को वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अगर वे इस बार भी पेश नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। यह मामला दिल्ली कॉन्सर्ट में गाड़ियों में शारीरिक संबंध बनाने से जुड़ी कथित अश्लील टिप्पणी का वीडियो सामने आने के बाद दर्ज किया गया था।




यह पूरा मामला दिल्ली में आयोजित एक कॉन्सर्ट से जुड़ा है, जहां हनी सिंह ने कार में शारीरिक संबंध बनाने को लेकर कथित तौर पर अश्लील टिप्पणी की थी। कार्यक्रम का यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यूजर्स ने उनकी कड़ी आलोचना की थी। विवाद बढ़ने के बाद साइबर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। साइबर सेल इसी मामले की जांच के सिलसिले में उनसे पूछताछ करना चाहती है। साइबर सेल के अधिकारियों के मुताबिक, हनी सिंह को इससे पहले भी तीन बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है। हर बार उन्होंने विदेश में होने की बात कहकर आने से मना कर दिया था

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः कल मैं सूरज पर लैक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
पप्पूः लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैडम..
टीचरः क्यूं
पप्पूः वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर नहीं जाने देंगी।

टीचरः गोलू कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहे थे कहाँ थे ?
गोलूः बर्ड फ्लू हो गया था
टीचरः तुम्हें बर्ड फ्लू ये तो बर्ड को होता है
गोलूः आपने मुझे इंसान समझा ही कहाँ रोज तो मुर्गा बनाते हो !!!

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लंबी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शासन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकंप-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

माथा पच्ची

40		42		3		8	=	77
	■		■		■		■	
42		10		2		3	=	33
	■		■		■		■	
11		3		25		4	=	32
	■		■		■		■	
45		15		20		39	=	21
=	■	=	■	=	■	=	■	=
26		20		11		40	=	11 / 14

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

चु	क	दो	यु	ला	प	र	तू	ज	इ	क				
ज	ज	ल	प	ह	रिं	पू	ना	दि	शा	को				
अं	इ	पु	म	सं	दा	ल	ह	र	ला	ल				
क	कु	दा	रु	धा	ब	क	प	रि	ह	र				
क	ति	ह	ब्ब	प	क	र	ी	ज	वी	ता				
द	ं	ल	प	व	ज्ञा	र्त	ऐ	ती	प	रु				
ती	ज्ञा	ल	ह	अं	प	म	ज्ञं	को	ला	य				
क	या	अ	ब	त	क	छ	प्प	न	ह	जू				
क	स	खो	तें	व	म	ज	द	क्ष	जू	द				
द	र	ल	प	ति	ं	र्त	ऐ	वें	प	रु				
खो	ह	ला	रु	मा	नी	से	जा	एं	प	क				

शब्दजाल में नाना पाटेकर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अंकुश, अब तक छप्पन, अंगार, तिरंगा, दिशा, वजूद, क्रांतिवीर, परिंदा, युगपुरुष, थोड़ा सा रुमानी हो जाएं.

अष्टयोग

2	3			6		4
	26	4	34	2	34	1
1		7		5		
7	35		36		28	2
		3		1		6
	31	5	35		33	
	4	2		7	1	5

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

25	x	5	+	6	-	72	=	59
+	■	+	■	x	■	-	■	-
60	-	28	+	6	-	24	=	14
-	■	-	■	+	■	-	■	-
20	+	20	-	10	-	10	=	20
-	■	x	■	-	■	-	■	x
5	x	2	+	1	-	10	=	1
=	■	=	■	=	■	=	■	=
60	+	26	-	45	-	28	=	13

अष्टयोग का हल

4	3	2	5	6	1	7
5	29	7	37	1	31	3
1	3	4	7	5	2	6
3	27	6	41	7	33	2
6	1	3	7	2	5	4
2	29	5	27	4	30	1
7	4	1	2	3	6	5

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल

मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6



शेख हसीना बोलीं- ब्रिक्स समिट छोड़ने से बांग्लादेश को नुकसान

रिश्ते सुधारने का मौका गंवाया; भारत ने न्यौता दिया था लेकिन पीएम रहमान नहीं आए

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान के इफ्क्कर समिट में शामिल न होने से बांग्लादेश को नुकसान हुआ। हसीना ने दिए इंटरव्यू में बुधवार को कहा कि रहमान के फैसले के चलते बांग्लादेश ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का मौका भी गंवा दिया। 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में इफ्क्कर समिट हुई थी। भारत ने रहमान को समिट में आने का न्योता दिया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे।

हसीना ने कहा कि अगर उनके भारत में रहने की वजह से तारिक रहमान भारत नहीं आए, तो यह दुख की बात है। दो देशों के रिश्ते किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक मतभेदों के आधार पर तय नहीं होने चाहिए।



हसीना बोलीं- बातचीत के रास्ते खोलना सरकार की जिम्मेदारी

हसीना ने कहा कि ब्रिक्स सिर्फ नेताओं की बैठक नहीं है। इसमें दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल होती हैं। समिट में शामिल होकर बांग्लादेश दूसरे देशों से सीख सकता था। लेकिन सरकार ने यह मौका गंवा दिया।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार सरकार को देश के लिए दूसरे देशों से बातचीत और आगे बढ़ने के नए रास्ते खोलने चाहिए, न कि उन्हें बंद करना चाहिए। तारिक रहमान ढाका के पुरबाचल में अपने स्वागत में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए। तस्वीर 25 दिसंबर 2025 की है। तारिक रहमान ढाका के पुरबाचल में अपने स्वागत में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए। तस्वीर 25 दिसंबर 2025 की है।

रहमान के पिता के भारत दौरे का जिक्र किया

हसीना ने 1979 में बांग्लादेश के तत्कालीन राष्ट्रपति और तारिक रहमान के पिता जियाउर रहमान के भारत दौरे का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उस समय वह दिल्ली में रह रही थीं। हसीना के मुताबिक, 1980 में जब जियाउर रहमान लंदन गए, तब भी वह वहीं थीं। इसके बावजूद उनकी मौजूदगी ने जियाउर रहमान के दौरे में कोई रुकावट नहीं डाली।

हसीना ने कहा कि 15 अगस्त 1975 को उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान समेत परिवार के कई सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 3 नवंबर को ढाका की सेंट्रल जेल में चार बड़े नेताओं की भी हत्या हुई। हसीना ने जियाउर रहमान पर गलत तरीके से सत्ता में आने का आरोप लगाया। बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान जनवरी 1980 में पत्नी खालिदा जिया के साथ दिल्ली पहुंचे थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनका स्वागत किया था। बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान जनवरी 1980 में पत्नी खालिदा जिया के साथ दिल्ली पहुंचे थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनका स्वागत किया था।

हसीना बोलीं- बांग्लादेश गंभीर संकट से गुजर रहा

हसीना ने दावा किया कि बांग्लादेश इस समय बड़े संकट से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र कमजोर हुआ है और विरोधी दलों को अपनी बात रखने के मौके नहीं मिल रहे हैं। न्यायपालिका का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। मीडिया की आजादी कम हुई है और कानून-व्यवस्था बिगड़ी है। अल्पसंख्यक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और कट्टरपंथी ताकतों को फिर से बढ़ने का मौका मिला है।

बांग्लादेश लौटकर लोकतंत्र बहाल करना चाहती हैं हसीना

हसीना ने बांग्लादेश लौटने की कोई तारीख नहीं बताई। लेकिन उन्होंने कहा कि वह देश लौटकर लोकतंत्र बहाल करने की लड़ाई में शामिल होना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में अपनी पसंद की सरकार चुनने का मौका मिलना चाहिए। हसीना के मुताबिक, उनकी वापसी इस दिशा में एक अहम कदम होगी। इंटरव्यू के दौरान हसीना ने माना कि बांग्लादेश लौटना उनके लिए जोखिम भरा हो सकता है। वहां की अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि वह डरकर पीछे नहीं हटेंगी।

सीजेपी फंडिंग पर मैरी मिलबेन और अभिजीत दिपके आमने-सामने

मिलबेन बोलीं- फेल हुए तो अमेरिकी डोनर्स छोड़ देंगे

बेहतर है पीएम के साथ बैठो, भारत को आगे बढ़ाओ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके के बीच तीखी बहस हुई। दोनों ने भारत में प्रदर्शन कर रहे संगठन की विदेशी फंडिंग को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा। यह विवाद नई दिल्ली में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच हुआ।

मिलबेन ने पर दावा किया कि उखढ को अमेरिका में रहने वाले डोनर्स से फंडिंग मिल रही है। उन्होंने भारत के युवाओं से इस संगठन की विघटनकारी सोच के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की थी। मिलबेन पर पलटवार करते हुए दीपके ने पूछा कि पीएम मोदी अपने ही देशवासियों को बदनाम करने के लिए अमेरिकियों का समर्थन क्यों ले रहे हैं।

विपक्षी दल और सीजेपी नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इन दलों का आरोप है कि मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन में अनियमितताएं हुई हैं। इसी बीच मिलबेन और दिपके के बीच विदेशी फंडिंग को लेकर बयानबाजी शुरू हुई।

दिपके ने मिलबेन को जवाब देते हुए कहा, विदेशी नागरिकों को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का अधिकार किसने दिया? हम अपने मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। हमें अपने देश के मामलों में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।



मैरी का जवाब- पीएम के साथ बैठो और भारत को आगे बढ़ाने में मदद करो

अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने अभिजीत दीपके के आरोप के जवाब में एक पोस्ट की है। मैरी मिलबेन ने पोस्ट में लिखा ओह डियर अभिजीत दिपके, सच सभी को आजाद करता है। आपको भी। और यह सच है: जब आप कामयाब नहीं होंगे, तो ये अमेरिकी डोनर्स आपको ऐसे छोड़ देंगे, जैसे कोई गर्म केक छोड़ देता है। और तुम सफल नहीं होगे, क्योंकि गैर-कानूनी काम कभी नहीं जीतते। इसके बजाय, अपनी अमेरिकी शिक्षा और टैलेंट का इस्तेमाल अच्छे कामों के लिए करो। पीएम के साथ बैठो और भारत को आगे बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक आवाज बनो। सही काम करने की तुम्हारी हिम्मत का सच तुम्हारे अगले कदमों में दिखेगा।

मिलबेन ने मोदी को सपोर्ट किया

1. किसान आंदोलन पर: मिलबेन ने फरवरी 2021 में किसान आंदोलन के दौरान मोदी सरकार के कृषि कानूनों का समर्थन करते हुए कहा था कि उन्हें किसानों की जिंदगी बेहतर बनाने के मोदी के विजन पर भरोसा है।

2. मणिपुर हिंसा पर: अगस्त 2023 में मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर भी उन्होंने मोदी का समर्थन किया था। उन्होंने उस समय कहा था कि भारत को अपने नेता पर भरोसा है और मोदी मणिपुर के लोगों की आजादी के लिए लड़ेंगे।

3. बीबीसी की गुजरात दंगों पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर: मिलबेन ने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की आलोचना करते हुए मोदी सरकार का समर्थन किया था। 2023 में आई इस डॉक्यूमेंट्री में 2002 के गुजरात दंगों के दौरान नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे।



मैरी मिलबेन
अमेरिकी सिंगर और ऐक्ट्रेस

- 5 साल की उम्र में चर्च में गाना शुरू किया
- 2005 में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के कार्यकाल में व्हाइट हाउस में इंटर्न बनीं
- व्हाइट हाउस में काम करते हुए उन्हें गाने के मौके मिले
- जॉर्ज डब्ल्यू. बुश, बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन के लिए परफॉर्म किया
- 11 विदेशी भाषाओं में गा सकती हैं

'जन गण मन' गाया, भारत में पहचान मिली

- **अगस्त 2020:** भारत के स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान गाया
- **नवंबर 2020:** दिवाली के मौके पर 'ओम जय जगदीश हरे' गाया
- **जून 2023:** PM मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान 'जन गण मन' गाया
- **सितंबर 2023:** दिल्ली में G-20 समिट में मोदी के आधिकारिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी

अमेरिका के विस्कॉन्सिन में प्लेन क्रैश, 6 की मौत

पायलट का आखिरी मैसेज था- पंखों पर बर्फ जम रही, ऊंचाई घटाने की परमिशन दें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डेलोना

अमेरिका के विस्कॉन्सिन में मंगलवार रात विमान हादसे में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे से पहले पायलट ने पंखों पर बर्फ जमने की सूचना दी थी। छह सीटों वाला सिंगल-इंजन विमान केनोशा से मेनोमोनी जा रहा था। यह विमान रात करीब 10 बजे डेलोना टाउन में मिरर लेक स्टेट पार्क के पास जंगल में गिरा।

हादसे के समय इलाके में बारिश हो रही थी और गरज-चमक वाला तूफान गुजर रहा था। विंग्स पर बर्फ जमना एविएशन (हवाई यात्रा) के लिए एक बड़ा खतरा है, क्योंकि बर्फ की एक पतली परत भी प्लेन को हवा में बनाए रखने में मुश्किल पैदा कर सकती है।

नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (ठळरइ) के मुताबिक, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को पंखों पर बर्फ जमने की जानकारी दी थी। उस समय पाइपर ढअ-46 विमान 24,000 फीट यानी 7,315 मीटर की ऊंचाई पर उड़ रहा था। पायलट ने विमान को नीचे लाने की अनुमति मांगी थी।



एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को नीचे आने की अनुमति दी। इसके बाद विमान दाईं ओर नीचे उतरने वाले मोड़ में गया। ठळरइ ने बताया कि यह मोड़ लगातार तेज होता गया। इसके बाद विमान से संपर्क और उसके डेटा की ट्रैकिंग बंद हो गई।

अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में जमीन पर मौजूद कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। हादसे में कोई इमारत या अन्य ढांचा भी क्षतिग्रस्त नहीं हुआ।

विस्कॉन्सिन डेल्स में बड़ी संख्या में पर्यटक आते है

हादसा विस्कॉन्सिन डेल्स से लगभग 10 मील (16 किलोमीटर) पश्चिम में हुआ था। यह शहर बड़ी संख्या में वॉटरपार्क्स होने की वजह से 'दुनिया की वॉटरपार्क राजधानी' कहलाता है। राज्य के पर्यटन अधिकारियों के अनुसार, 2025 में इस इलाके में 50 लाख से ज्यादा पर्यटक आए थे।

होर्मुज में बारूदी सुरंग से टकराकर जहाज डूबा

जंग शुरू होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ, जहाज पर लदे थे 2500 से अधिक कंटेनर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराकर बुधवार सुबह एक मालवाहक जहाज डूब गया। जहाज में 2500 कंटेनर थे। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई थी। जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग से टकराकर कोई जहाज डूबा है।

रॉयटर्स के मुताबिक डूबने वाले जहाज का नाम GFS प्राइड है। यह सिंगापुर के झंडे के तहत चल रहा था और इसमें एक बार में 2,824 कंटेनर ले जाने की क्षमता थी। जहाज का कामकाज वअए की एक कंपनी के पास था। जहाज पर कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी नहीं मिली है। IRGC ने बुधवार को बताया कि जहाज होर्मुज के पास एक ऐसे रास्ते से गुजर रहा था, जिसे इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी और रास्ता खतरनाक था।

ईरान पहले भी कई बार चेतावनी दे चुका है कि अगर कोई जहाज उसकी ओर से तय किए गए रास्ते से हटकर चलेगा, तो उसके परिणाम की जिम्मेदारी उसी की होगी। घटना के बाद IRGC ने स्थानीय जहाजों और मछुआरों को सावधान रहने को कहा है। उसने समुद्र में तैर रहे कंटेनरों से दूर रहने की अपील की है।



ये कंटेनर दूसरे जहाजों के लिए खतरा बन सकते हैं और समुद्री रास्ते पर आवाजाही में रुकावट डाल सकते हैं।

होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और दूसरे सामान ले जाने वाले जहाज गुजरते हैं। इस इलाके में जहाजों की सुरक्षा को लेकर पहले से चिंता बनी हुई है। होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे सिंगापुर में रजिस्टर्ड दो कंटेनर जहाजों पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इससे एक जहाज डूब गया, जबकि दूसरा क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर की मैरीटाइम एंड पोर्ट अथॉरिटी (MPA) ने 14 अक्टूबर को यह जानकारी दी।

जर्मनी के बोखुम में आग से 3 भारतीयों की मौत

हत्या के शक में 41 साल का रोमानियाई गिरफ्तार, 5 अस्पताल में भर्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्लिन

जर्मनी के बोखुम में आग लगने से 3 भारतीय मारे गए। स्थानीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। जर्मनी के बोखुम शहर में एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 3 भारतीयों की मौत हो गई। मृतकों में 25 और 27 साल की दो महिलाएं और 26 साल का एक युवक शामिल है।

हादसे में 5 अन्य लोग धुएं की चपेट में आ गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के शक में 41 साल के एक रोमानियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगजनी की आशंका की भी जांच कर रही है। मंगलवार तड़के करीब 4:15 बजे बोखुम के होफ्स्टेड इलाके की एक बहुमंजिला इमारत में लगी। जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे, आग काफी फैल चुकी थी। बाद में दूसरी मंजिल के एक फ्लैट से तीनों के शव मिले।



जर्मन अखबार ह्यबिल्डह्व के मुताबिक, पड़ोसियों ने बताया कि इमारत के गलियारे में रखी बच्चों की कुछ गाड़ियों में आग लगी थी। इसके बाद आग लकड़ी की सीढ़ियों तक फैल गई और बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया। हालांकि, आग लगने की इस वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दमकलकर्मियों ने दो लोगों को हाइड्रोलिक सीढ़ी और दो अन्य को पोर्टेबल सीढ़ियों की मदद से बाहर निकाला। एक अन्य व्यक्ति सुरक्षा के लिए लगाए गए एयर कुशन पर कूदकर बाहर आया। दमकल विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, आग और धुएं के कारण ऊपरी मंजिलों तक सीढ़ियों से पहुंचना संभव नहीं था। आग बुझाने के दौरान दूसरी मंजिल के फ्लैट से तीन शव बरामद किए गए। उन्हें बचाने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

आग लगने से एक दिन पहले भी पहुंची थी पुलिस

बोखुम पुलिस के प्रवक्ता जेन्स आर्ट्सवागर ने बिल्ड को बताया कि आग लगने से एक दिन पहले इमारत में विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। उन्होंने कहा कि पुलिस की एक गाड़ी मौके पर गई थी, लेकिन किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी।

इजराइल में पाकिस्तानी पायलटों की नो-एंट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल जाने वाली उड़ानों में अब पाकिस्तान समेत 31 देशों के पायलटों और केबिन क्रू की तैनाती पर रोक लगाई जा रही है। ये नियम उन देशों के पायलटों और क्रू पर लागू होते हैं, जिनके देश के इजराइल के साथ राजनयिक संबंध नहीं हैं। इनमें पाकिस्तान के अलावा ईरान, ओमान, सऊदी अरब और बांग्लादेश जैसे देश शामिल हैं। 30 सितंबर 2026 को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में ओमान के को-पायलट हमाम अल-हमामी ने भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर पर हमला किया था। इसके बाद से इजराइल ने विदेशी एयरलाइंस के पायलटों और क्रू की जांच सख्त कर दी। इजराइल के नियमों का असर मंगलवार को इथियोपियन एयरलाइंस की एक फ्लाइट पर भी पड़ा। द जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान इथियोपिया के हवाई क्षेत्र में था, तभी इजराइली अधिकारियों ने उसे वापस लौटने को कहा।

रूस के खिलाफ सेना के ऑपरेशन पर असर; यही सर्विस भारत में शुरू करना चाहते हैं मस्क

इलॉन मस्क ने यूक्रेन में स्टारलिंक इंटरनेट की स्पीड घटाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने यूक्रेन में स्टारलिंक इंटरनेट की स्पीड पर लिमिट लगा दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के सलाहकार सेरही बेस्क्रेस्टनोव ने बुधवार को बताया कि इस फैसले से रूस के खिलाफ लड़ रही यूक्रेनी सेना के कई ऑपरेशन पर असर पड़ा है।

उनके मुताबिक, सेना को इस बदलाव की पहले से जानकारी नहीं दी गई थी। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भी कनेक्टिविटी में रुकावट की पुष्टि की है। खास बात यह है कि मस्क यही स्टारलिंक सर्विस भारत में शुरू करना चाहते हैं। इसे लेकर हाल ही में उन्होंने भारत सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाए थे। हालांकि सरकार ने आरोपों को नकार दिया है।

स्टारलिंक अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट देता है। यूक्रेनी सेना इसका



इस्तेमाल सैनिकों के बीच संपर्क बनाए रखने और दूर बैठे ड्रोन चलाने के लिए करती है। इन ड्रोन से रूसी ठिकानों पर हमले किए जाते हैं। सलाहकार सेरही के मुताबिक, स्टारलिंक की मदद से ऐसे ड्रोन भी चलाए जाते हैं, जो रूस के नए जेट इंजन वाले ड्रोन को हवा में रोकने की कोशिश करते हैं।

इससे पहले मस्क ने फरवरी में रूसी सेना के लिए स्टारलिंक बंद कर दिया था। इससे रूस को यूक्रेन में लड़ाई लड़ने में परेशानी हुई और उसके कमांडरों और सैनिकों के बीच तालमेल बिगड़ गया था।

जेलेंस्की के सलाहकार सेरही के मुताबिक अब 160 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से चलने पर स्टारलिंक का इंटरनेट धीमा हो रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यह फैसला मौजूदा राजनीतिक हालात से जुड़ा हो सकता है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि इंटरनेट की रफ्तार धीमी होने से सेना के सामान पहुंचाने, ड्रोन चलाने और हमले से जुड़े मिशनों में परेशानी आ रही है। पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने मस्क से सवाल किया कि क्या वे अपने प्रोडक्ट के जरिए राजनीति कर रहे हैं। पोलैंड यूक्रेन की ओर से स्टारलिंक सेवा का खर्च उठाता है।

मस्क ने इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। स्पेसएक्स ने भी इस मामले पर बयान नहीं दिया। मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी हैं। ऐसे में यूक्रेन को डर है कि अमेरिका उस पर रूस के साथ समझौता करने का दबाव बनाने के लिए युद्ध में मदद कम कर सकता है।

रॉयटर्स समेत कई मीडिया संस्थानों को सूत्रों ने बताया कि अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के मिसाइल हमलों की पहले से जानकारी देने वाली खुफिया मदद रोकने की धमकी दी थी। यह दबाव रूस की तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमले रुकवाने के लिए बनाया गया था।

भारत में भी स्टारलिंक शुरू करना चाहते हैं मस्क

यूक्रेन में स्टारलिंक की स्पीड घटाने की खबर ऐसे समय आई है, जब मस्क भारत में भी यही इंटरनेट सर्विस शुरू करना चाहते हैं। स्टारलिंक की खासियत यह है कि यह जमीन पर बिछी इंटरनेट केबल या मोबाइल टावर के बजाय अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट से इंटरनेट देता है। इससे उन गांवों, पहाड़ी इलाकों और दूरदराज की जगहों पर इंटरनेट पहुंचाया जा सकता है, जहां मोबाइल नेटवर्क या ब्रॉडबैंड की सुविधा नहीं है।

■ वर्ष-12 अंक-342 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

दानं प्रियवाक्सहितं ज्ञानमगर्वं क्षमान्वितं शौर्यम्।
वित्तं दानसमेतं दुर्लभमेतत् चतुष्टयम्।।

भावार्थ : प्रेम वचन से दिया हुआ दान, अहंकार रहित ज्ञान, क्षमाशील वीरता और दान की इच्छा से धन-ये चारों दुर्लभ हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 15 अक्टूबर, 2026

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

भावार्थ : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

सम्पादकीयम्

भविष्यति इति अपेक्षा

एषा यात्रा विशेषतया महत्त्वपूर्णा यतः भारते सितम्बरमासे ब्रिक्स-शिखरसम्मेलनस्य आतिथ्यं भविष्यति, यस्मिन् कार्यक्रमे शी जिनपिङ्गः उपस्थितः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। गतवर्षे अगस्तमासस्य अन्ते पीएम मोदी इत्यस्य एससीओ-शिखरसम्मेलनार्थं चीनदेशस्य तियानजिन्-नगरस्य यात्रा, शी-सह-समागमः च द्विपक्षीयसम्बन्धानां गतिं प्रदातुं साहाय्यं कृतवान्। तस्मिन् समये उभौ नेतारौ पुनः उक्तवन्तौ यत् भारतं चीनं च विकासे भागीदारौ स्तः, परस्परं मतभेदाः विवादरूपेण न वर्धनीयाः इति। अद्यत्वेऽपि एतत् सत्यम् अस्ति। अमेरिकीदबावः-वर्तमानभूराजनीतिकपरिदृश्यं दृष्ट्वा जयशङ्करस्य मास्को-भ्रमणस्य महत्त्वं सर्वोपरि वर्तते। सः सोमवासरे रूसस्य राष्ट्रपतिः व्लादिमीर पुटिन् इत्यनेन सह मिलितवान्, अग्रिमे च स्वसमकक्षेण सह मिलितुं निश्चितः अस्ति। एतेषां चचानां कार्यसूची व्यापारात् ऊजार्यां च वैश्विकविषयाणां यावत् विस्तृतविषयेषु विस्तृता अस्ति। नवीनदिल्ली-मास्को-योः सम्बन्धेषु अमेरिकादेशस्य दबावः निरन्तरं भवति। युक्रेन-युद्धं प्रचलति, पश्चिम-एशिया-देशस्य जटिल-स्थित्या च अग्रे कूटनीतिक-चुनौत्यं अधिकं तीव्रं भवितुम् अर्हति। चुनौतीपूर्णाः परिस्थितयः : तियानजिन्-नगरस्य मोदी-शी, जिनपिङ्ग-इत्यादीनां चित्राणि वैश्विकं ध्यानं आकर्षितवन्तः आसन्, विशेषतः अमेरिकादेशस्य। तस्मिन् समये ट्रम्प-प्रशासनं शुल्कयुद्धं कुर्वन् आसीत्। अद्यत्वे वैश्विकपरिस्थितयः तदापेक्षया अपि जटिलाः सन्ति। अमेरिका-देशः शुल्कानां शस्त्रीकरणस्य प्रयासं निरन्तरं कुर्वन् अस्ति, ऊजार्संकटः च अद्यापि वर्तते।

बिहारस्य वैशालीमण्डले गंगानद्याः एकः प्रमुखः त्रासदी अभवत्

नौका पलटना; १३ मृताः, यत्र एकस्मिन् परिवारे ७ बालिकाः अपि सन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वैशाली

बिहारस्य वैशालीमण्डले गंगानद्याः एकः प्रमुखः त्रासदी अभवत्, यत्र एकः नौका पलटितवती। दुर्घटने त्रयोदश बालकाः प्राणान् त्यक्तवन्तः; तेषां वयः ६ तः १५ वर्षाणां मध्ये आसीत् इति कथ्यते । मृतानां मध्ये सप्त बालिकाः एकस्मिन् एव परिवारे आसन्।

मंगलवासरे रात्रौ ८:३० वादनस्य समीपे राघोपुरक्षेत्रे एषा घटना अभवत्। २५ तः अधिकाः जनाः मृत्योः अनन्तरं संस्कारभोजने भागं ग्रहीतुं लघुनौकायाः माध्यमेन नदीं तरन्ति स्म। सवेर्षां बालकानां शवः ग्रामं प्रति आनीताः। परिवाराः मृत्योः परीक्षणं नकारितवन्तः। पुलिसस्य अनुसारं मृतेषु पिंकी कुमारी, अंकिता कुमारी, सुनीता कुमारी, आर्यकुमार, अलीशा कुमारी, सिकी कुमारी, भोनुकुमारी, मीरा कुमारी च सन्ति। सप्त घातितव्यक्तिं पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटलं प्रेषितम् अस्ति।

पीएम मोदी शोकं प्रकटयति, क्षतिग्रस्तानां शीघ्रं आरोग्यस्य कामना दुःखदघटनायाः अनन्तरं सम्पूर्णे क्षेत्रे विषादः अवतरितः अस्ति। प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी अस्य घटनायाः विषये दुःखं प्रकटयन् मृतानां घातितानां च परिवारेभ्यः आर्थिकसहायतायाः घोषणां कृतवान्। प्रधानमन्त्रिकार्यालयस्य अनुसारं, दुर्घटनायां प्राणान् त्यक्तवन्तः प्रत्येकस्य व्यक्तिस्य निकटजनानाम् कृते प्रधानमन्त्रिराष्ट्रीयराहतकोषात् २ लक्षं धनं प्रदत्तं भविष्यति, यदा तु आहतानाम् प्रत्येकं ५०,००० प्राप्स्यति। पीएमओ स्वस्य आधिकारिक-एक्स-अकाउण्ट्-मध्ये एकस्मिन् पोस्ट्-मध्ये वैशाली-नगरे नौकायाः पलटनस्य



घटनां अत्यन्तं दुःखदं इति वर्णितवान्। तया पीडितानां परिवारेभ्यः शोकं प्रकटितं, क्षतिग्रस्तानां शीघ्रं स्वस्थतां च कामना कृता। प्रधानमन्त्रिणा उक्तं यत् स्थानीयप्रशासनं प्रभावितानां कृते सर्वं सम्भवं साहाय्यं प्रयच्छति। पीएमओद्वारा प्रकाशितसूचनानुसारं मृतानां घातितानां च परिवारेभ्यः प्रधानमन्त्रिणः राष्ट्रियराहतकोषात् आर्थिकसाहाय्यं प्रदत्तं भविष्यति। बिहार सरकार 4 लाख प्रत्येक प्रदान करेंगे दुर्घटनायाः अनन्तरं बिहार-सर्वकारेण मृतानां परिवारेभ्यः ४ लक्ष-रूप्यकाणां आर्थिकसहायता अपि घोषिता अस्ति। उपमुख्यमन्त्री सम्राटचौधरी प्रशासनाय राहत-उद्धार-कार्यं शीघ्रं कर्तुं निदेशं दत्तवान्, आहतानाम् उत्तम-चिकित्सा-सुविधाः प्रदातव्याः इति निदेशं च दत्तवान्। एवं केन्द्रसर्वकारेण राज्यसर्वकारेण च घोषितसहायतायाः आधारेण प्रत्येकस्य मृतस्य परिवाराय कुलम् 6 लक्षरूप्यकाणां आर्थिकसाहाय्यं प्राप्तुं शक्यते स्म परन्तु सहायताराशिस्य वितरणं प्रासंगिकसरकारीविनियमानाम् अधीनं भविष्यति। तेजस्वी यादव शोक व्यक्त, कहते हुए राघोपुर दर्शन करेंगे राष्ट्रीयजनतादलस्य नेता, राघोपुरस्य विधायकः तेजस्वी यादवः च एतत् घटनां गभीरं दुःखदं वर्णितवान् अस्ति। सः आशङ्कां प्रकटितवान् यत् मृतानां संख्या ३० परिमितः भवितुम् अर्हति। पटनानगरम्। आगत्य सः सीधा राघोपुरं प्रति गमिष्यामि इति सः अवदत्। दुर्घटनायाः सम्भाव्यकारणम्: लघुनौकायां २५ तः अधिकाः जनाः रामपुरश्यामचन्दपञ्चायतस्य अन्तर्गतं भगतनटोलायां मातामहारानीस्थानस्य समीपे सिंहेश्वररायेन भोजस्य आयोजनं क्रियते इति स्थानीयजनाः अवदन्। तस्मिन् भागं ग्रहीतुं २५ तः अधिकाः जनाः गच्छन्ति स्म।

संत प्रेमानन्दस्य शिष्यस्य

संदिग्धमृत्युः रसिकदुलारीशरणः ९ दिवसेभ्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मथुरानगरे संतप्रेमानन्दमहाराजस्य शिष्यस्य, मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य निवासी च रसिकदुलारीशरणस्य संदिग्धमृत्युसम्बद्धः प्रकरणः नवदिनानां अनन्तरम् अपि सर्वथा अनवधानः अस्ति। पञ्च विशेषपुलिसदलानि अस्य घटनायाः तलपर्यन्तं गन्तुं निरन्तरं कार्यं कुर्वन्ति। एतावता ५० तः अधिकाः जनाः प्रश्नाः कृताः, तथापि सः किमर्थम् एतादृशं कठोरं पदं गृहीतवान् इति अस्पष्टम् अस्ति।

२५ सितम्बर्-दिनाङ्के प्रातः १०:३० वादनस्य समीपे एषा घटना अभवत्। मथुरानगरस्य गुरुकृपाकुञ्जाश्रमस्य विपरीतभागे निवसन् प्रत्यक्षदर्शी छोटू: तस्मिन् समये गृहे एव भोजनं कुर्वन् आसीत् इति अवदत्। सहसा सः बहिः उच्चैः ध्वनिं श्रुतवान्। यदा सः त्वरितरूपेण बहिः आगतः तदा सः एकं साधुं (तपस्वी) गम्भीरस्थितौ भूमौ शयानं दृष्टवान्, यस्य शिरःतः रक्तं प्रवहति स्म। छोटू इत्यस्य मते तस्य स्थितिं पूर्णतया अवगन्तुं पूर्वं आश्रमसम्बद्धाः जनाः तत्र आगतवन्तः। प्रायः पञ्च व्यक्तिः घायलं साधुं निजीवाहने स्थापयित्वा तत्क्षणमेव चिकित्सालयं प्रेषितवन्तः। प्रत्यक्षदर्शी अपि अवदत् यत् सः स्पष्टतया निर्धारयितुं न शक्नोति यत् तस्मिन् क्षणे साधुः जीवति वा इति, यतः घटनास्थले उपस्थिताः शिष्याः तस्य समीपं गन्तुं न अनुमन्यन्ते स्म।

राशिफल

मेष : घर में खुशियों का माहौल रहेगा। अपने करियर पर ध्यान दें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

वृषभ : करियर के मामले में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है। सेहत के मामले में लापरवाही न बरतें।

मिथुन : अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें। आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहने वाली है।

कर्क : जरूरत पड़ने पर फैमिली या पार्टनर से सलह लें। आज का दिन कुछ लोगों के लिए काफी बिजी साबित हो सकता है।

सिंह : कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपका खाली समय किसी बेकार के काम की वजह से बर्बाद होगा।

कन्या : आज खर्च को इस ससमी कंट्रोल करने की जरूरत है। विवाहित जातकों को जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

तुला : ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है। किसी इवेंट या फंक्शन में शामिल होने का मौका मिल सकता है।

वृश्चिक : समय पर काम ना पूरा होने से सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। जीवनसाथी के साथ दिन अच्छा बीतेगा।

धनु : आपका आज का दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। आज रोमांस की कोई उम्मीद नहीं है।

मकर : काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं। तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें।

कुंभ : आपका दिन इनोवेटिव विचारों पर फोकस करने वाला दिन है। लव के मामले में दिन रोमांटिक रहेगा।

मीन : प्रोफेशनल जीवन में चुनौतियों के साथ-साथ रचनात्मकता की उम्मीद करें। कार्यस्थल पर आपको उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

होप ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, अभिषेक-सैमसन से भिड़े वेस्टइंडीज के प्लेयर्स

भारत ने टी-20 में 2000 छक्के पूरे किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 मैच में भारत को 24 रन से हरा दिया। हैदराबाद में खेले गए इस मैच के दौरान भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में 2 हजार छक्के पूरे किए। शाई होप ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे वेस्टइंडीज के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

टीम इंडिया से आगे सिर्फ वेस्टइंडीज- भारत ने 2 हजार छक्के पूरे कर लिए हैं। वह यह मुकाम हासिल करने वाली दुनिया की दूसरी टीम बन गई। टीम के नाम अब 2010 छक्के हैं। वेस्टइंडीज 2,026 छक्कों के साथ पहले स्थान पर है।

होप ने टी-20 इंटरनेशनल में तीसरा शतक लगाया- होप वेस्टइंडीज के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने क्रिस गेल और इविन लुईस के 2-2 शतक को पीछे छोड़ा।

होप ने 50+ स्कोर में गेल की बराबरी की- होप ने टी-20 इंटरनेशनल में 16वां 50+ स्कोर बनाया। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी या उससे ज्यादा का स्कोर बनाने में क्रिसे गेल की बराबरी की। दोनों ने 16-16 बार कारनामा किया।



भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बना- वेस्टइंडीज ने हैदराबाद में पावरप्ले में 1 विकेट खोकर 79 रन बनाए। यह भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले टीम ने 2016 में लॉडरहिल में बिना विकेट खोए 78 रन बनाए थे।

पॉल टी-20 में भारत के खिलाफ 5 विकेट लेनेवाले दूसरे बॉलर- कीमो पॉल ने हैदराबाद में 41 रन देकर 5 विकेट लिए। वे भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में 5 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले वेस्टइंडीज के ही ओबेड मैकॉय 2022 में यह कारनामा किया था।

सैमसन ने जोसेफ की गेंद पर टी-20 में 100 छक्के पूरे किए- दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर संजू सैमसन ने शमर जोसेफ की फुलटॉस गेंद को लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से छक्के के लिए भेजा। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल में उनका 100वां छक्का था। वे टी-20 इंटरनेशनल में छक्कों का शतक पूरा करने वाले भारत के छठे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या और विराट कोहली यह कारनामा कर चुके है।

बाउंसर के बाद सैमसन ने अगली 14 गेंद पर 46 रन बनाए- भारतीय पारी के दूसरे ओवर में शमार जोसेफ ने 145 किमी की तेज बाउंसर सैमसन को डाली। यह फ्री हिट गेंद थी। सैमसन जैसे-तैसे गेंद को खेल सके। गेंद ने टॉप एज लिया और 4 रन के लिए चली गई। तब सैमसन 9 गेंद पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद सैमसन ने लगातार बाउंड्री लगाई। उन्होंने अगली 14 गेंद पर 4 छक्के और 4 चौके लगाते हुए 46 रन बटोरे।

शाई होप ने पिच को बताया चुनौतीपूर्ण

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने नाबाद 102 रन बनाए। यह सीरीज के चार मैचों में उनका दूसरा शतक है। होप ने कहा कि उप्पल स्टेडियम की पिच के हिसाब से उनकी टीम का स्कोर अच्छा था। उन्होंने बताया कि पिच उम्मीद से ज्यादा धीमी थी। उन्होंने कहा, ह्यमुझे लगा कि यह अच्छा स्कोर है। हमें लगा था कि पिच बल्लेबाजी के लिए शायद बेहतर होगी। होप ने कहा कि नई गेंद से कुछ गेंदें ज्यादा उछल रही थीं, जबकि कुछ नीचे रह रही थीं। शुरूआत में पिच दोहरे व्यवहार वाली थी। उन्होंने कहा, बाद में स्पिनरों और तेज गेंदबाजों के आने पर सीधी लाइन में शॉट लगाना थोड़ा मुश्किल हो गया।

मयंक ने रदरफोर्ड का छोड़ा कैच

19वें ओवर में शेरफेन रदरफोर्ड का कैच छूटा। प्रिंस यादव ने ओवर की पांचवी गेंद तेज शॉर्ट डाली। इस पर रदरफोर्ड ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद शॉर्ट फाइन लेग की ओर गई, जहां मयंक यादव खड़े थे। उन्हें लगा कि वे आसानी से कैच पकड़ लेंगे, लेकिन वे गेंद की लाइन में ही नहीं आ पाए और कैच छूट गया।


2. तिलक के कैच छोड़ने पर होप का शतक पूरा हुआ

पहली पारी की आखिरी गेंद पर तिलक वर्मा ने होप का कैच छोड़ दिया। 96 रन बनाकर खेल रहे होप ने नितीश रेड्डी की गेंद पर लॉन्ग-ऑन की ओर शॉट खेला। तिलक कैच पकड़ने के लिए बाईं ओर गए, लेकिन फ्लडलाइट्स में गेंद ठीक से नहीं देख सके और कैच छूट गया। गेंद सीधे बाउंड्री रोप पर गिरी और होप को छक्का मिला। उन्होंने आखिरी 2 गेंद पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया।

ज्योतिष/वास्तु

सुख-वैभव के दाता ग्रह शुक्र हुए वक्री

जानें किन राशि वालों को होगा सबसे ज्यादा लाभ?



शनिवार, 3 अक्तूबर 2026 को शुक्र अपनी स्वराशि तुला में वक्री हो चुके हैं। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को धन, वैभव, सुख-सुविधा, प्रेम, और सौंदर्य आदि का कारक ग्रह माना जाता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, शुक्र की वक्री अवस्था करीब 42 दिनों तक रहेगी, फिर 14 नवंबर 2026 को मार्गी यानी सीधी चाल से चलने लगेंगे। शुक्र के वक्री होने पर आर्थिक फैसलों और करियर से जुड़े मामलों में आपको ज्यादा ध्यान रखना होगा। शुक्र के वक्री होने पर इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा लेकिन कुछ राशि वालों को करियर-कारोबार और आर्थिक मामलों में अच्छे संकेत हैं।

कन्या राशि पर प्रभाव- शुक्र की वक्री चाल कन्या राशि वालों के लिए शुभ और आर्थिक मामलों के लिहाज से बहुत ही खास और महत्वपूर्ण साबित होगा। अचानक से धन प्राप्ति के योग हैं। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में मेहनत का लाभ और नई तरह की जिम्मेदारी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी। कारोबार में आपको पुराने संपर्कों का लाभ मिलेगा। आय के नए-नए रास्ते तलाशने में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि पर शुक्र के वक्री होने का प्रभाव- कुंभ राशि वालों के लिए वक्री शुक्र करियर और धन के मामलों में नए तरह के अवसर लेकर आ सकता है। नौकरी में प्रमोशन के साथ-साथ नई भूमिका मिलने की अच्छी संभावना है। व्यापार से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आने वाले समय में आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। आय में इजाफे का योग बन रहा है।

मकर राशि- मकर राशि वालों के लिए शुक्र वक्री चाल अच्छा और शुभ साबित होगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। कारोबार में आय के नए-नए स्त्रोत बनेंगे और आपका रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। आपको निवेश से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचना होगा।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों को करियर-कारोबार में बेहतर अवसर मिल सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों संग अच्छा सहयोग मिलेगा। नए-नए प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार दिखाई देगा और आप सुख-सुविधाओं में अच्छा खासा धन खर्च करने में कामयाब होंगे। कारोबार में आपको पुराने संपर्कों का लाभ मिलेगा।

श्रेयस अय्यर बोले-गेंदबाजों ने प्लान पर अमल नहीं किया

होप ने पिच को कठिन बताया, कीमो पॉल ने कहा- यॉर्कर डालने की योजना थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को टीम इंडिया की हार पर कहा- भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लाइन और लेंथ पर सही तरीके से अमल नहीं किया। यही वह जगह थी, जहां हम थोड़ा पीछे रह गए। अय्यर ने कहा- जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों, तो आपको एक तय तरीके से आगे बढ़ना होता है। मुझे रन चेज के दौरान हमारा रुख पसंद आया। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इंडिया को 24 रन से हराया। इससे 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबरी पर आ गई। आखिरी और निर्णायक मैच शनिवार को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

अय्यर ने कहा- वेस्टइंडीज को पिच से थोड़ी मदद मिली- अय्यर ने वेस्टइंडीज के प्रदर्शन की तारीफ की। अय्यर ने कहा कि टीम ने अपनी योजनाओं पर अच्छी तरह अमल किया और विकेट से भी उसे थोड़ी मदद मिली। उन्होंने कहा, गेंद उछल रही थी और उन्होंने फील्ड का भी अच्छी तरह इस्तेमाल किया। उनका एग्जीक्यूशन बिल्कुल सही था। अय्यर ने कहा



कि आगे भी टीम का रुख वही रहेगा। उन्होंने कहा कि गेंदबाजी को लेकर बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। हम सिर्फ प्लांस को सही तरीके से एग्जीक्यूट करने पर फोकस करेंगे।

कीमो पॉल ने 5 विकेट लेकर भारत की पारी रोकी- कीमो पॉल ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए और भारत के रन चेज को रोक दिया। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पिच को ध्यान में रखते हुए अपनी योजनाओं पर अमल किया। पॉल ने कहा, हमारी प्लान यॉर्कर डालने का थी। अगर यह काम नहीं करती, तो विकेट पर गेंद डालनी थी। उन्होंने कहा कि पिच ने उनकी टीम की थोड़ी मदद की। धीमी गेंदें पिच पर रुककर आईं, इसलिए बैटर्स को बहुत ज्यादा अनुमान लगाने का मौका नहीं मिला।

वैभव ने सोशल मीडिया पर लिखा- इंतजार करिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़

15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से पहले इंस्टाग्राम पर लिखा, इंतजार करिए। उन्होंने बवंडर और रेत घड़ी के इमोजी भी लगाए। वैभव की इस पोस्ट को 8 लाख 96 हजार यूजर्स लाइक कर चुके हैं। वैभव को वेस्टइंडीज सीरीज में अब तक खेलने का मौका नहीं मिला है। उनकी पोस्ट के बाद फैंस को लगा कि शायद वे वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी-20 में खेलेंगे। हालांकि उन्हें इस मुकाबले में भी प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया। वैभव सूर्यवंशी ने 4 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। सूर्यवंशी भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय क्रिकेटर बने थे। वैभव ने डेब्यू मैच से पहले भी एक पोस्ट डाली थी।



खबर एक नजर...

दो साल के बालक को मिली बाल आरक्षक की नियुक्ति

उज्जैन। मंदसौर में पदस्थ आरक्षक रंजीतसिंह डोडिया की 26 जनवरी 2026 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने पर उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने मनवीयता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुये दिवंगत आरक्षक के 2 वर्षीय पुत्र मनवीत को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। मध्यप्रदेश में पहली बार 2 साल के बालक को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई है। बताया जा रहा है कि मंदसौर में पद खाली नहीं होने पर बालक को उज्जैन में नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। दिवंगत आरक्षक की पत्नी द्वारा पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने का पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में संज्ञान लेकर सभी दस्तावेजों की कार्रवाई को पूर्ण कराया और बुधवार को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होने 2 वर्षीय बाल आरक्षक को स्नेह के रूप में चॉकलेट भेंट की।

एक और कव्वाली दूसरी ओर चल रहा था जुआ

उज्जैन। बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया में असलम बाबा की दरगाह पर कव्वाली का आयोजन रखा गया था। रात में चल रही कव्वाली के बीच दरगाह के पीछे बैठकर कुछ युवक जुआ खेल रहे थे। पुलिस को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक सुनील परमार टीम के साथ दरगाह के पीछे पहुंचे और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे चार युवकों को हिरासत में लिया। मौके से ताश पत्ती और 14 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की। जुआ खेलने वालों को थाने लाया गया। चारों के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। उप निरीक्षक परमार के अनुसार जुआ खेलने वालों में दो युवक मोहम्मद रफीक पिता इब्राहिम अंडा गली और मंजूर पिता सलीम अहमद निवासी लोहे का पुल उज्जैन के रहने वाले हैं और दो बांसवाडा राजस्थान के ग्राम कुशलगढ़ निवासी विजय पिता नरेशचंद्र त्रिवेदी और जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश हैं। चारों कव्वाली सुनने के लिए बड़नगर आए थे। उनके कुछ साथी भी जुए की महफिल में शामिल लेकिन पुलिस की घेराबंदी से पहले ही वह चले गए थे।

सब्जी की थैली नहीं देने पर हम्माल से मारपीट

उज्जैन। चिमनगंज सब्जी मंडी में रात के समय महालक्ष्मी कॉलोनी में रहने वाला श्याम पिता बंसीलाल यादव 63 साल हम्माली का काम कर रहा था उसके पास सब्जी की थैली थी, उसी दौरान नाना हम्माल वहां पहुंचा और सब्जी की थैली मांगने लगा। श्याम यादव ने थैली देने से मना किया तो नाना ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मारपीट में घायल सामने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस द्वारा नाना के खिलाफ मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। नाना के खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज होना बताया जा रहा है। मारपीट का दूसरा मामला फाजलपुरा में मोहम्मद असलम पिता अब्दुल हामिद मंसूरी के साथ होने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने नारायण बाथम के खिलाफ दर्ज किया। नारायण बाथम ने पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मोहम्मद असलम के साथ मारपीट की।

ट्रक की टक्कर से डिवाइडर पर चढ़ी कार क्षतिग्रस्त

उज्जैन। कैलाश एम्पायर कॉलोनी में रहने वाले डॉक्टर नरेंद्र पिता रमेश चंद्र मंडोरिया अपनी कार क्रमांक एमपी 13 एएम 8561 से रात 11:30 बजे के लगभग देवास होते हुए उज्जैन लौट रहे थे। नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरा में पीछे से आए ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। तेजगति से लगी टक्कर के बाद डॉ. मंडोरिया का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर पर चढ़ गई गनीमत रही कि कार ने पलटी नही खाई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। कार क्षतिग्रस्त होने पर डॉ. मंडोरिया ने मामले की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस से की। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। लोगों की मदद से डिवाइडर पर चली कार को निकाला गया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिवार ग्राम चंदेसरा पहुंच गया था।

पुलिस ने पकड़ा तो स्टंटबाज बोले अब नहीं करेगें गलती

उज्जैन। तेजगति से कार चलाकर स्टंट करने वाले 3 युवकों का मामला पुलिस के पास पहुंचने पर कार नम्बर से उनकी तलाश शुरू की गई। युवक कोतवाली थाना क्षेत्र के मिल्कीपुरा में रहने वाले नावेद उर्फ नब्बू पिता जहीर खान, साकेत पिता जीही खान और आश्मीर पिता उस्मान अहमद सामने आये। तीनों को हिरासत में लिया गया मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। युवकों ने कान पकड़ कर भविष्य में स्टंटबाजी की गलती नहीं करने की बात कहीं। पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा सड़क पर स्टंट करने जैसी खतरनाक गतिविधियों से बचें। आपकी छोटी-सी लापरवाही स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती है। सुरक्षित वाहन चलाएं और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

दिन	234-9	335-1
मेन बाजार	300-3	190-0
मिलन डे	278-7	580-3
मिलन नाइट	238-3	145-0

5 8 0

---

9 अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में 4 स्थानों पर लगाए गए बोमा से 327 पकड़े गए

चौथे दिन ग्राम मनसाया में 74 कृष्णमृगों का रेस्क्यू, अब तक कुल 327

अबकी बार नौरादेही अभ्यारण्य में छोड़ने के लिए वाहन रवाना हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शाजापुर-शुजालपुर क्षेत्र में कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को चौथे स्थल से शाम कालापीपल तहसील के ग्राम मनसाया में 74 कृष्णमृगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। अभियान के दौरान आज शाम हेलीकॉप्टर ने भी उड़ान भरी। इससे पूर्व तीन स्थानों पर लगाए बोमा से 253 कृष्णमृगों को रेस्क्यू कर कूनो राष्ट्रीय उघान में छोडा गया था।



बुधवार शाम को पूर्ण हुए आपरेशन में कुल 74 कृष्णमृगों को हेलीकाप्टर के उपयोग के उपरांत रेस्क्यू किया गया। सभी 74 मृगों को महाराष्ट्र वन विभाग के मंगवाए गए वन्य जीवो के परिवहन के लिए बने विशेष प्रकार के ट्रकों में भरकर सागर जिले के रानी दुर्गावती अभ्यारण्य नौरादेही के लिए रवाना किया गया है। यहां हाल ही में लाए गए एक मादा एवं एक नर चीता भी छोडे गए हैं। यहां प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए कृष्णमृगों को भी छोडा गया है। पिछले वर्ष शाजापुर में प्रथम अभियान के दौरान पकड़े गए कृष्ण मृगों को काफी संख्या में उज्जैन संभाग अंतर्गत मंदसौर जिले के गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण्य में भी छोडा गया था।

अभियान का उद्देश्य फसल हानि से प्रभावित स्थानीय ग्रामीण समुदायों की समस्याओं का निदान करना तथा मानवझ्झवन्यप्राणी द्वंद्व एवं वन्यप्राणियों से होने वाली फसल क्षति को कम करना है। साथ ही कृष्णमृगों को उनके अनुकूल वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों के स्थानांतरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मंगलवार को ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों को पकडकर कूनों राष्ट्रीय पार्क पशु चिकित्सक की देखरेख में ट्रकों में भरकर भेजा गया है। इससे पूर्व हन्नूखेड़ी और पोलायकला के खेतों से पहले दिन 97, दूसरे दिन 79 कृष्णमृगों को पकड़ कर कूनो पार्क भेजा गया जा चुका है।

राजस्थान के युवक से 28 किलो डोडाचूरा बरामद

मादक पदार्थ के साथ ट्रेन के इंतजार में खड़ा था युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 5 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे युवक के पास मादक पदार्थ होने की सूचना मिलने पर जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने घेराबंदी की। युवक के पास से 28 किलो डोडाचूरा बरामद हो गया।

धार्मिक नगरी में देशभर से ट्रेनों की यात्रा कर उज्जैन पहुंचने वालों की सुरक्षा में आरपीएफ-जीआरपी द्वारा लगातार स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म तक विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली थी कि प्लेटफार्म नम्बर 5 पर एक युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। वह ट्रेन का इंतजार कररहा है। जीआरपी टीआई सुनील कुमार गुप्ता और आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव की टीम ने पकड़ने के लिये घेराबंदी। युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी में पकडा गया। उसके पास से 2 बैग बरामद किये गये। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें मादक पदार्थ 28 किलो डोडाचूरा भरा होना पाया गया। जिसकी कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई। जीआरपी टीआई गुप्ता ने बताया कि युवक से पूछताछ में उसका नाम अजय कुमार पिता भंवरलाल 28 साल निवासी वार्ड नं. 1 पोस्ट आसन थाना टाडगढ़ जिला अजमेर (राजस्थान) सामने आया। उसके खिलाफ्ज एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 का प्रकरण दर्ज किया गया है।



उज्जैन से राजस्थान जाने की फिराक में था- जीआरपी टीआई ने बताया कि पूछताछ में आरोपी युवक ने कबूल किया कि उसे मादक पदार्थ उज्जैन बस स्टेंड देवासगेट क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा दिया गया था। वह ट्रेन के माध्यम से मादक पदार्थ राजस्थान लेकर जाने वाला था। पूर्व में भी मादक पदार्थ उज्जैन से राजस्थान लेकर जा चुका है। बदले में उसे रुपए मिलते है। टीआई के अनुसार उसे मादक पदार्थ और पैसे देने वाले की जानकारी जुटाई जा रही है। पूर्व में भी पंजाब के 2 महिलाओं को इसी तरह से तस्करी करते पकड़ा गया था। लेकिन उस वक्त मुख्य आरोपी गिरफ्त में नहीं आ सका था।

ट्रेन के माध्यम से हो रही तस्करी

कुछ समय से देखा जा रहा है कि मादक पदार्थ के साथ अवैध कारोबार करने वाले ट्रेन के माध्यम से तस्करी कर रहे है। पूर्व में भी मादक पदार्थ और अवैध शराब के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इसी का फायदा अवैध कारोबार करने वालों द्वारा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन महाकाल लोक बनने और आगामी सिंहस्थ को देखते हुये रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी की सक्रियता काफी बढ़ गई, जिसके चलते अवैध कारोबार करने वाले पकड़े जा रहे है।

कार चालक ने पिता-पुत्र को कुचला, पुत्र की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तेजगति से दौड़ती कार बुधवार दोपहर पिता-पुत्र को कुचल दिया। दुर्घटना में पुत्र की मौत हो गई। पिता घायल हुआ है। पुलिस ने कार जप्त कर मृतक पुत्र का पोस्टमार्टम कराया।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटियाखेड़ी मार्ग पर कार चालक ने बाइक पर सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया था। दुर्घटना होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। चालक कार छोड़कर भाग निकला। घायल पिता-पुत्र की पहचान कमल बागरी 40 साल और कृष्णपाल बागरी 11 साल निवासी पाटियाखेड़ी के रूप में हुई। दोनों को उपचार के लिये उज्जैन रवाना किया। लेकिन चरक अस्पताल पहुंचने पर कृष्णपाल की मौत होना सामने आया। मौके से कार जप्त कर ली गई थी। कृष्णपाल की मौत होने पर अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया है। घायल पिता का उपचार चल रहा है। परिजनों का कहना था कि पिता-पुत्र बाइक से सामान खरीदने बाजार जा रहे थे।

इधर बस ने वृद्ध को कुचला- महाकाल थाना क्षेत्र में चारधाम मंदिर के पास भाटी ट्रेवल्स की बस में गौंड बस्ती में रहने वाले हरी पिता मंगल महाराज 70 साल को कुचल दिया था। बुधवार सुबह हुई दुर्घटना में घायल हरी महाराज को उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने बस जप्त की है।

रात में घायल हुये युवक ने तोड़ा दम- भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जलालखेड़ी में मंगलवार-बुधवार रात बाइक सवार जीवन पिता भागीरथ 25 साल को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था।

ऑटो से आए 2 बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

देवासगेट पर हुई घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवासगेट पर रात 9 बजे उसे वक्त अफरा तफरी मच गई, जब ऑटो से आए जो बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। युवक के साथ मारपीट की गई। घटना की जानकारी लगते ही मामला पुलिस के पास पहुंचा। अपहरण करने वाले युवक को छोड़कर भाग निकले।

बताया जा रहा है कि शास्त्री नगर में रहने वाला सागर जाट रात में देवास गेट पहुंचा था अन्नपूर्णा मंदिर के पास हाथों से आए दो बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। बदमाश उसे अपने साथ ले गए और मारपीट की। युवक के अपहरण की जानकारी पुलिस को लगी तो पड़ताल शुरू की गई। सागर जाट के परिजन भी थाने पहुंच गए थे इस बीच सागर जाट रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास से घायल हालत में मिल गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पता चला कि अपहरण करने वालों में टिल्लू देवड़ा और एक अन्य युवक शामिल था। मामला पुरानी रंजीश से जुड़ा होना सामने आ रहा है। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है देवास गेट क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी यह भी सामने आई है कि सागर जाट कुछ समय पहले ही जेल से छूट कर आया है और वह अपने दोस्त से मिलने देवास के आया था।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा

डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट पर 50 हजार का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के नियमों तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा के लिए बुधवार को नगर निगम के मीटिंग हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वार्डों में कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित नहीं किए जाने पर आईईसी एजेंसी डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट पर 50 हजार का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए गए।

अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने, कचरे के पृथक-पृथक संग्रहण और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देशित किया कि घरों से निकलने वाले कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण सुनिश्चित किया जाए। जो नागरिक कचरा पृथक-पृथक देने में सहयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसे घरों को चिह्नित कर पहले समझाइश दी जाए नहीं मानने पर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करें। साथ ही नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जाए तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में भी कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित किया जाए।

वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए- स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वच्छता निरीक्षकों को कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरों से निकलने वाला कचरा केवल डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में ही लिया जाए। रोड स्वीपिंग वाहनों में घरेलू कचरा डालने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति या संबंधित कर्मचारी रोड स्वीपिंग वाहन में घरेलू कचरा डालता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। रोड स्वीपिंग से निकलने वाले कचरे की मात्रा कम करने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई।

जीवीपी पॉइंट समाप्त करने का अभियान- बैठक में नगर निगम की आईईसी टीम को शहर में चिह्नित कचरा संवेदनशील स्थलों (जीवीपी पॉइंट) को समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने तथा इस दिशा में लगातार मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी वार्डों में नियमित एवं प्रभावी स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने और जनजागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

किसान समस्याओं को लेकर आज उज्जैन में आंदोलन

बिजली,सिंचाई, कर्ज, नहर जैसे मुद्दों पर जुटेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किसान समस्याओं को लेकर गुरूवार को उज्जैन में बडे प्रदर्शन की संभावना है। भारतीय किसान संघ जिला ईकाई ने इसका आव्हान किया है।आंदोलन के तहत उज्जैन जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया जा कर अपनी मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को किसान सौंपेगे।

किसान संघ के जिलाअध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के सोश्यल मिडिया पर जिले के किसानों से उज्जैन आने का आव्हान किया है। इसमें बताया गया है कि किसानों की विभिन्न समस्याओं के लिए भारतीय किसान संघ मैदान में उतरकर प्रशासन को ज्ञापन देकर समस्याओं के निदान की मांग रखेगा।ज्ञापन में प्रमुख रूप से नर्मदा के पानी किसानों को खेत तक हर हाल में पहुँचाने,उज्जैन जिले को सूखा घोषित करने,

बिजली बिल में कटौती किए जाने,बिजली कटौती को रोके जाने और पूरे 10 घंटे बिजली देने ,नर्मदा का पानी सूखे तालाबों एवं नदियों में छोडे जाने केसीसी धारक किसानों का ब्याज माफ करने की मांग रखी जाएगी। श्री आंजना ने गुरूवार पूर्वान्ह 11.30 बजे किसानों को कोठी पहुंचने का आव्हान किया है।

---

10 साल के बेटे की गवाही पर मिली उम्रकैद की सजा...


प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा था मौत के घाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

46 माह पहले हुई हत्या के मामले में मृतक के बेटे की गवाही पर न्यायालय ने मृतक की पत्नी उसके प्रेमी और साथी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपियों को मृतक के 2 बच्चों को पीड़ित प्रतिकर योजना में आर्थिक सहायता दिलाने के आदेश दिए हैं।

24 दिसंबर 2022 को भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झिरनिया में रहने वाले गंगाराम ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके बेटे जितेन्द्र बंजारा की लाश मिली है। पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, मामला हत्या का होना सामने आया था। जांच में पता चला था कि मृतक जितेन्द्र की पत्नी पूजा के अवैध संबंध राकेश पिता भैरूसिंह कुशवाह के साथ है। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की, पता चला कि मृतक ने पत्नी को राकेश के साथ देख लिया था। जिसको लेकर विवाद हुआ था। राकेश ने अपने साथी ईश्वर गोवर्धन बंजारा को बुला लिया था। तीनों ने मिलकर जितेन्द्र की हत्या कर दी थी। राकेश ने गर्दन मरोड़ दी, ईश्वर सिंह ने मारपीट शुरू कर दी थी। तभी पूजा ने घर में रखी हथौड़ी से पति जितेंद्र के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया था। जितेन्द्र की मौत होने के बाद तीनों ने उसका शव घर के पास बने गड्ढे में छिपा दिया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि घटना के दौरान मृतक जितेन्द्र का 10 वर्षीय पुत्र मौजूद था। सुनवाई के दौरान बालक के कथन अदालत में लिये गये। जो महत्वपूर्ण साक्ष्य बने। बालक ने अपने सामने पिता के साथ हुई घटना को विस्तृत रूप से बताया। जिसके आधार पर 46 माह बाद पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा ने फैसला सुनाते हुये तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा से दंडित किया। आरोपियों पर 31 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक भारतसिंह कनेल और नितेश कृष्णन द्वारा पैरवी की गई। न्यायालय द्वारा प्रकरण में फैसला सुनाते हुये नोट लिखा कि मृतक के नाबालिग पुत्र और पुत्री के पुर्नवास के लिये पीडित प्रतिकार योजना में आर्थिक सहायता बतौर प्रतिकार दिलाई जाये।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com